26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 16 नवम्बर, 2026
अंक- 22 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

कांग्रेस ने सपा से मांगी 181 सीटें

लीक हुई लिस्ट, रायबरेली और अमेठी की सभी सीटों पर दावा

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। कांग्रेस और सपा के बीच चल रही गठबंधन की बातों के बीच वह लिस्ट लीक हो गई है जो कांग्रेस ने सपा को सौंपी है। इस लिस्ट में उन 181 सीटों का ब्योरा है, जो कांग्रेस लड़ना चाहती है। इस सूची में कांग्रेस ने अपने पारंपरिक गढ़ रहे रायबरेली और अमेठी की लगभग सभी सीटों पर दावा ठोका है। राजधानी लखनऊ की मोहनलालगंज, मलिहाबाद, बख्शी का तालाब, सरोजनी नगर और लखनऊ पूर्व सीटें भी पार्टी की प्राथमिकता में हैं। कांग्रेस की इस लिस्ट में सहारनपुर जिले की बेहट, नकुड़, सहारनपुर नगर, सहारनपुर देहात, रामपुर मनिहारान और गंगोह सीटों को शामिल किया गया है। इसके अलावा शामली, थाना भवन, बुढ़ाना, पुरकाजी, मीरापुर, चरथावल, बिजनौर, नगीना, बढ़ापुर, धामपुर, नहटौर, मुरादाबाद नगर, मुरादाबाद ग्रामीण, कुंदरकी, चंदौसी, स्वार, बिलासपुर, मिलक, अमरोहा की धनौरा, नौगावां सादात और हसनपुर सीटें सूची में हैं। मेरठ और आसपास के जिलों से सिवालखास, हस्तिनापुर, मेरठ दक्षिण, बागपत, छपरौली, लोनी, मोदीनगर, धौलाना, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, दादरी, जेवर, सिकंदराबाद, बुलंदशहर, स्याना, अनूपशहर, शिकारपुर और खुर्जा पर पार्टी ने नजर गड़ाई है। ब्रज क्षेत्र में अलीगढ़ की कोल, इगलास, खैर; मथुरा की मांट, मथुरा, बलदेव; और आगरा की आगरा ग्रामीण, फतेहपुर सीकरी, खैरागढ़, बाह, टूंडला व फिरोजाबाद सीटें शामिल हैं। बदायूं, दातागंज, बरेली की मीरगंज, नवाबगंज, फरीदपुर, बरेली कैंट, आंवला, पीलीभीत, पूरनपुर, तिलहर और शाहजहांपुर की सीटों को चुना गया है। लखीमपुर खीरी की पलिया, गोला गोकर्णनाथ, मोहम्मदी और सीतापुर जिले की सीतापुर, लहरपुर, बिसवां, सेवता, महमूदाबाद, सिधौली सीटें भी इसमें हैं। हरदोई की शाहाबाद व बिलग्राम, उन्नाव की बांगरमऊ, बाराबंकी की कुर्सी, जैदपुर, हैदरगढ़, दरियाबाद और अयोध्या की बीकापुर सीट पर भी कांग्रेस की नजर है। कानपुर नगर और देहात से अकबरपुर रनिया, बिल्हौर, बिठूर, गोविंदनगर, किदवई नगर, कानपुर कैंट और घाटमपुर को सूची में जगह मिली है। साथ ही फर्रुखाबाद, औरैया, कालपी, उरई, झांसी नगर, मऊरानीपुर, महरौनी, हमीरपुर, राठ, नरैनी, मानिकपुर, जहानाबाद, बिंदकी, अयाह शाह और हुसैनगंज सीटों पर भी पार्टी ने चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। प्रतापगढ़ की रामपुर खास, विश्वनाथगंज, प्रतापगढ़ सदर और प्रयागराज व कौशांबी की चायल, फूलपुर, करछना, इलाहाबाद उत्तर, इलाहाबाद दक्षिण, बारा और कोरांव सीटें सूची का हिस्सा हैं। वाराणसी में पिंडरा, रोहनिया, वाराणसी उत्तर और वाराणसी कैंट पर दावा किया गया है। इसके अलावा सुल्तानपुर, लंभुआ, कटेहरी, बलहा, नानपारा, महसी, उतरौला, बलरामपुर, गौरा, शोहरतगढ़, हर्रैया, महादेवा, खलीलाबाद, फरेंदा, नौतनवा, महाराजगंज, पनियरा, गोरखपुर ग्रामीण, बांसगांव, चिल्लूपार, खड्डा, फाजिलनगर, रुद्रपुर, देवरिया, पथरदेवा, रामपुर कारखाना, सलेमपुर, बरहज, निजामाबाद, मधुबन, बेल्थरा रोड, बलिया नगर, बदलापुर, जौनपुर, जफराबाद, जखनियां, जहूराबाद, मुगलसराय, ज्ञानपुर, औराई, छानबे, मझवां, मड़िहान और रॉबर्ट्सगंज सीटों को भी कांग्रेस ने अपनी संभावित सूची में रखा है।

बिजनौर, नगीना, बढ़ापुर, धामपुर व नहटौर सीट मांगी



स्कूल जा रहे 12 वर्षीय छात्र की रेत की बुग्गी की चपेट में आकर मौत



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद में आज सुबह एक दर्दनाक हादसे में घर से स्कूल जा रहे 12 वर्षीय छात्र की रेत से भरी भैंसा-बुग्गी की चपेट में आने से मौत हो गई, जिससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। सोमवार को सुबह करीब नौ बजे क्षेत्र के ग्राम हकीमपुर उर्फ मुख्त्यारपुर निवासी अमित कुमार का 12 वर्षीय पुत्र मयंक ग्राम पदारथपुर स्थित पूर्व माध्यमिक स्कूल में पढ़ने के लिए जा रहा था। वह सरकारी स्कूल में कक्षा 6 का छात्र था। घर से पैदल स्कूल जाते समय रास्ते में साहनपुर पुलिस चौके के समीप बह रही मालन नदी से रेत भरकर जा रही भैंसा-बुग्गी की चपेट में आ गया। बुग्गी की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बुग्गी चालक उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले गया। जहां उसकी मौत हो गई। इस घटना से अमित के परिवार में कोहराम मच गया। बुग्गी चालक अलीपुरा का बताया जाता है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेत से भरी बुग्गी को कब्जे में ले लिया। सीओ सुनील कुमार ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

फ्लैट्स बिकाऊ हैं

बिजनौर में बिजनौर-मेरठ रोड पर नेहरु स्टेडियम (तरण ताल) के सामने कॉम्पलैक्स के पीछे फर्स्ट, सेकेण्ड, थर्ड फ्लोर पर तीन फ्लेट्स 2+1 बी.एच.के. कार पार्किंग व लिफ्ट की सुविधा के साथ बिकाऊ हैं। खरीदने के इच्छुक व्यक्ति शीघ्र सम्पर्क करें।

मो. 9897899730

आवश्यकता है

R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL
(C.B.S.E. Patteran An English Medium)

ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा 5 से कक्षा 10 तक अंग्रेजी और विज्ञान हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।

मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044

सभी जनपदवासियों को गोवर्धन पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं



महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध



सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

चुनावी हलचल के बीच आजम फिर जेल भेजे गए



चेहरे पर उदासी-लब रहे खामोश

समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान को ईडी ने चार दिन की रिमांड पूरी होने के बाद सोमवार को सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें 10 दिन की न्यायिक हिरासत में डासना जेल भेज दिया गया। एक तरफ जहां उत्तर प्रदेश में चुनाव को लेकर हलचल तेज है तो दूसरी तरफ अदालत में पेशी के दौरान आजम खान के चेहरे पर उदासी नजर आई और लब खामोश रहे।



प्रधानाचार्य सिस्टर शीबा अगस्टी ने चैम्पियन ग्रीन हाउस को चल वैजयंती भेंट की

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। सेंट मैरीस इंटर कॉलेज मंडावली में चल रही दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर 304 अंक प्राप्त करके ग्रीन हाउस ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि 300 अंक प्राप्त करके रेड हाउस दूसरे स्थान पर रहा। ब्लू हाउस ने 247 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में चैम्पियन ग्रीन हाउस को विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर शीबा अगस्टी ने चल वैजयंती प्रदान करके सम्मानित किया। इससे पूर्व कॉलेज में बाल दिवस बड़े हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रबंधक फादर जोस आलू करने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र का अनावरण करके पुष्पांजलि दी। विद्यार्थियों को बाल दिवस का संदेश दिया। खेल प्रतियोगिता में भाला फेंक, ऊंची कूद, 100 मीटर दौड़, रिले रेस, बोरी दौड़, तीन टांग दौड़ मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। ग्रीन हाउस इस वर्ष का विजेता बना। प्रतियोगिता में निर्णायक द्विजेंद्र त्यागी व मुकुल राठी रहे। कमेंट्री आलोक त्यागी व राशि ने की। स्कोरर की भूमिका रविकांत, बीना व हीबा ने निभाई। संपूर्ण आयोजन में महेश, शैलेश, पंकज, मीनाक्षी, तरुण, रचना, विशाखा, शिवानी, रंजन व चंदन का विशेष सहयोग रहा।



चैम्पियन ग्रीन हाउस को चल वैजयंती भेंट करती प्रधानाचार्य सिस्टर शीबा अगस्टी।

कांग्रेस कमेटी ने पंडित जवाहर लाल नेहरू को श्रद्धांजलि दी

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद की ओर से मौहल्ला मुनीरगंज में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके जीवन संघर्ष, स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान व देश के निर्माण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से विशेष प्रेम करते थे। बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। उन्होंने देश में शिक्षा, विज्ञान, तकनीकी विकास व आधुनिक भारत की नींव रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका मानना था कि बच्चे देश का भविष्य हैं, उनकी शिक्षा एवं बेहतर परवरिश से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, नगर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, डॉ. सलीम सैफी, नगर महासचिव नदीम फारूकी, नईमुल अख्तर, सलीम अहमद, कारी नौशाद, हसीब अहमद, परवेज अली अर्सलान आदि उपस्थित रहे।



स्काउट्स गाइड्स शिविर व बाल दिवस समारोह में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

नजीबाबाद (चिंगारी)। वालिया ग्लोबल एकेडमी, नजीबाबाद में अनुशासन, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व एवं संस्कारों के संदेश के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 13 एवं 14 नवंबर 2026 को हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स अंकित चौधरी व अभिषेक माथुर के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कक्षा 4 से 9 एवं 11 वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इसके साथ ही विद्यालय में बाल दिवस के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर बच्चों के प्रति प्रेम, सम्मान एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना व्यक्त की गई। स्काउट्स एवं गाइड्स शिविर के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से अनुशासन, समयबद्धता, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता का महत्व समझाया। साथ ही बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों ने बच्चों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य, प्रेरणादायक कविताओं एवं विचारोत्तेजक भाषणों ने विद्यार्थियों का खूब मनोरंजन किया। शिक्षकों की इन प्रस्तुतियों ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी व शिक्षक-विद्यार्थी संबंधों को एक आत्मीय एवं आनंदमय रूप प्रदान किया। इस अवसर पर कमलकांत वालिया व रमाकांत वालिया ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सफलता की कामना की। प्रधानाचार्या अनीता सिवाच ने अपने प्रेरणादायक संदेश में कहा कि बच्चे किसी भी राष्ट्र की सबसे अनमोल पूंजी व भविष्य की मजबूत नींव होते हैं। प्रत्येक बच्चे में असीम संभावनाएं छिपी होती हैं। आवश्यकता है उन्हें सही दिशा, सकारात्मक वातावरण, अच्छे संस्कार एवं अपनी प्रतिभा को निखारने के पर्याप्त अवसर प्रदान करने की। दोनों आयोजनों ने विद्यार्थियों को सीखने, अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर प्रदान किया। इन आयोजनों का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि शिक्षा वही सार्थक है जो बच्चों को ज्ञानवान बनाने के साथ अनुशासित, आत्मनिर्भर, संवेदनशील एवं जिम्मेदार नागरिक भी बनाएं।



वतन वापसी पर हाजी शाहनवाज़ मंसूरी का गर्मजोशी से स्वागत किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव हाजी शाहनवाज़ मंसूरी का विदेश से अपने घर लौटने पर उनके आवास पर गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया गया। लगभग एक वर्ष तक सऊदी अरब में खजूर के कारोबार के सिलसिले में वहा रहने के बाद शाहनवाज मंसूरी के अपने वतन भारत लौटने पर उनका सऊदी अरब के पारंपरिक रुमाल से गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं इस्तकबाल किया गया। इस खुशनुमा अवसर पर आपसी प्रेम, भाईचारे व संगठन की मजबूती को लेकर भी बातचीत हुई। इस मौके पर सपा के जिलाध्यक्ष हनी फैसल, वरिष्ठ नेता मुनव्वर अली, हाजी अय्यूब, अफजालुल हक, फिलाल, फैज अकरम, अहमद खिजर खां, मुकीम कुरैशी, जावेद सहित काफी सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



गुलदार के हमले में बाइक सवार युवक गंभीर घायल

पैजनिया (चिंगारी)। चांदपुर-पैजनिया मार्ग पर गांव खेड़की ईंट भट्टे के पास गुलदार ने बाइक सवार युवक पर हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव पावटी निवासी नीरज कुमार पुत्र ओमप्रकाश सैनी रविवार रात करीब 8 बजे बाइक से चांदपुर से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव खेड़की में ईंट भट्टे के पास पहुंचा, पहले से घात लगाए बैठे गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। हमले में



नीरज गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। गांव खेड़की के ग्रामीणों विमल कुमार, जोनी कुमार, डा. सुभाष, नरेश कुमार, कमल कुमार ने वन विभाग से गुलदार को पकड़ने और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी दुष्यंत कुमार ने बताया कि गांव खेड़की के पास गुलदार ने बाइक सवार युवक पर हमला करने की सूचना प्राप्त हुई है। मौके पर टीम को भेजकर जांच कराई जाएगी और पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने का प्रयास किया जाएगा।

ट्रैक्टर के ठीक आगे आकर बैठ गया गुलदार

नहटौर (चिंगारी)। ग्राम मजहरपुर में रविवार की देर शाम को हैरान करने वाली घटना सामने आई। खेत की जुताई कर रहे एक किसान के ट्रैक्टर के ठीक आगे अचानक एक गुलदार आकर बैठ गया,। जिससे किसान के होश उड़ गए। शोर मचाए जाने पर गुलदार पास के गन्ने के खेत में घुस गया, जिससे ग्रामीणों और किसानों में भारी दहशत व्याप्त है।

रविवार को ग्राम मजहरपुर में आकू निवासी विकास त्यागी उर्फ बंटी अपने खेत में ट्रैक्टर से जुताई का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान पास के ही खेत से अचानक एक गुलदार निकला और चलते ट्रैक्टर के आगे आकर बैठ गया। अचानक हुई इस घटना से सहमे विकास त्यागी ने तुरंत शोर मचा दिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के खेतों में मौजूद अन्य किसान और ग्रामीण तुरंत मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों के अनुसार, गुलदार काफी देर तक खेत में ही बैठा रहा। हालांकि,



जब कई ग्रामीण लाठी-डंडों के साथ वहां एकत्रित हो गए, तो गुलदार वापस गन्ने के घने खेत में घुस गया। किसानों का कहना है कि लगातार बढ़ती वन्यजीवों की आवाजाही से खेतों में अकेले जाना खतरे से खाली नहीं रह गया है। उन्होंने वन विभाग के उच्चाधिकारियों से तत्काल मौके पर कांबिंग कराने और गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगवाने की जोरदार मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।

स्व-गणना को जनआंदोलन बनाने की पहल, चाहशीरी में घर-घर पहुंचा जागरूकता अभियान



बिजनौर (चिंगारी)। भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत आज 16 नवंबर से प्रारंभ हुई स्व-गणना को लेकर नगर के मौहल्ला चाहशीरी में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व सर्किल नंबर 21 के पर्यवेक्षक मौहम्मद जावेद ने किया। इसमें क्षेत्रीय प्रशिक्षक मुकेश त्यागी एवं प्रगणक दल ने सक्रिय सहभागिता की।

अभियान की शुरुआत डॉ. अज़हर के निवास पर आयोजित बैठक से हुई। बैठक में मौहल्ले के गणमान्य नागरिकों को स्व-गणना के महत्व एवं प्रक्रिया की जानकारी दी गई। क्षेत्रीय प्रशिक्षक मुकेश त्यागी ने मोबाइल के माध्यम से स्व-गणना करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया और नागरिकों से स्वयं गणना करने के साथ दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। इस अवसर पर पर्यवेक्षक मौ.जावेद ने कहा कि जनगणना केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से जुड़ा राष्ट्रीय दायित्व है। हमारा प्रयास है कि स्व-गणना की जानकारी प्रत्येक गली, मौहल्ले और परिवार तक पहुंचे। बैठक के बाद प्रगणक दल ने निर्धारित क्षेत्रों में मकान सूची एवं क्षेत्रीय नक्शे के आधार पर घर-घर संपर्क कर नागरिकों को जागरूक किया तथा स्व-गणना की प्रक्रिया में सहयोग शुरू किया। कार्यक्रम में डॉ. अज़हर, मास्टर जौहर, इशरत जहां, सोनी, असमा सुहेल, मौहम्मद शारिक, मौहम्मद ज़हीर, मौहम्मद आरिफ, सुहेल अख्तर बेग, प्रीति सोनी एवं राजीव वर्मा सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रगणक दल में अल्फिया अफजाल, अंजली वर्मा, पूनम रानी, राखी जैन, सुनीता देवी एवं गौरव सिंह शामिल रहे। अभियान में मुकेश त्यागी का विशेष मार्गदर्शन रहा।

धूमधाम से मनाया बाल दिवस



चंदक (चिंगारी)। आरपीएस पब्लिक स्कूल में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बाल दिवस के महत्व एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन और विचारों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास, शिक्षा एवं संस्कारों के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. बीरबल सिंह, प्रबंधक श्री तपराज सिंह देशवाल एवं प्रधानाचार्य डॉ. संजीव कुमार राठी ने सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में प्रधानाचार्य डॉ. संजीव कुमार राठी ने सभी का आभार व्यक्त किया।



भली लगे या बुरी...

अफगानिस्तान की बदहाली

लगभग 20 साल बाद अमेरिका के अफगानिस्तान से हटने के बाद सत्ता पर कब्जा करने वाले तालिबान को 15 अगस्त को पांच साल पूरे हो गए। उसके लिए यह जीत का जश्न का दिन नहीं है, क्योंकि अफगान लोग देश के भीतर संकट और विदेश में अलग-थलग पड़ने का सामना कर रहे हैं। लगभग पांच करोड़ आबादी वाला यह देश, जिसे कभी 'एशिया का दिल' कहा जाता था, अब बदतर हालात में पहुंच गया है, जिसमें सुधार की दूर-दूर तक कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। सबसे दुखद बात यह है कि न तो तालिबान और न ही दुनिया को इस देश की बदहाली की कोई परवाह है। कूटनीतिक तौर पर अलग-थलग पड़ने से वहां के शासक ज्यादा बेखौफ हो रहे हैं, क्योंकि आर्थिक प्रतिबंधों का नुकसान उन्हें नहीं, बल्कि आम लोगों को उठाना पड़ रहा है। तालिबान या तो मानवाधिकारों के उन उल्लंघनों को नजरअंदाज कर देता है, जिनके लिए उन पर आरोप लगते हैं या फिर इस्लाम की अपनी व्याख्या के आधार पर उन्हें सही ठहराता है। काबुल को बहुत कम देशों से राजनयिक मान्यता मिली है और उस पर अनेक प्रतिबंध अब भी लागू हैं। इसके बावजूद यूरोपीय देशों के बीच वहां मुनाफे वाले प्रोजेक्टस हासिल करने की होड़ जारी है। चीन उनसे आगे है। चीन, रूस, ईरान, पाकिस्तान और भारत जैसे क्षेत्रीय ताकतें पूरी तरह या आंशिक रूप से राजनयिक संबंध बहाल कर चुकी हैं। अमेरिका भी वहां अपनी पकड़ बनाए रखना चाहता है। 2021 से पहले, वह अफगानिस्तान को सबसे ज्यादा मदद देने वाला देश था। ट्रंप प्रशासन द्वारा मदद में भारी कटौती के बाद, अब यह पहले के मुकाबले बहुत कम रह गई है। अफगानिस्तान को मिलने वाली ज्यादातर अमेरिकी मदद संयुक्त राष्ट्र या स्वयंसेवी संगठनों जैसे अप्रत्यक्ष माध्यमों से पहुंचती है। 2021 में देश छोड़ने के बाद से अमेरिका ने तालिबान के प्रमुख सदस्यों पर प्रतिबंध बढ़ा दिए हैं और अमेरिका में मौजूद अफगानिस्तान की नौ अरब डॉलर की सरकारी सम्पत्ति को भी फ्रीज कर दिया है। जब तक अमेरिका संबंध सामान्य नहीं करता, तब तक दूसरे देश भी ऐसा नहीं करेंगे। यूरोपीय संघ और विश्व बैंक ने भी पुनर्निर्माण के लिए फंड देने वाली योजनाओं को रोक दिया है और धीरे-धीरे बहुत छोटे स्तर के, आपात कालीन कार्यक्रमों को ही फिर से शुरू किया है, जिनमें एनजीओ के जरिये मानवीय सहायता पहुंचाई जा रही है।

जामिया के 106वें स्थापना दिवस पर एक संकल्प

जामिया : जांबाज़ क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों का एक गढ़



ग़िज़ाल मैहदी
मोबाइल : 9540520359

जामिया मिल्लिया इस्लामिया की स्थापना 29 अक्टूबर 1920 को अलीगढ़ में आज़ादी के आंदोलन के दौर में हुई। इसकी स्थापना के पीछे अलीगढ़ के तत्कालीन मोहम्मडन एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज की शैक्षिक और राजनीतिक दिशा से जुड़े वैचारिक मतभेद भी थे। यही कॉलेज आगे चलकर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय बना। जामिया की स्थापना को अलीगढ़ में प्रचलित शैक्षिक और राजनीतिक सोच से एक वैचारिक बग़ावत के रूप में भी देखा जा सकता है।

जामिया के संस्थापक ऐसी राष्ट्रीय शिक्षा व्यवस्था चाहते थे, जो अंग्रेज़ी हुकूमत के प्रभाव से मुक्त हो, जिसकी जड़ें भारत की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत में गहरी हों और जो देश की ज़रूरतों के मुताबिक़ नई पीढ़ी तैयार करे। मातृभाषा में शुरुआती तालीम और भारतीय जीवन से जुड़ा पाठ्यक्रम इस सोच के अहम हिस्से थे। महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन, अली बंधुओं- मौलाना मोहम्मद अली जौहर और मौलाना शौकत अली के नेतृत्व में चले ख़िलाफ़त आंदोलन और राष्ट्रीय शिक्षा की अवधारणा से प्रेरित यह पहल केवल एक शिक्षण संस्थान की स्थापना नहीं थी, बल्कि तालीम को आज़ादी, आत्मसम्मान और सामाजिक बदलाव का ज़रिया बनाने की कोशिश थी।



जामिया की ख़ास पहचान यह है कि उसका जन्म अंग्रेज़ी हुकूमत के ख़िलाफ़ आज़ादी की जद्दोजहद के बीच हुआ। इसके संस्थापकों और शुरुआती निर्माताओं में शेख़ुल हिंद मौलाना महमूद हसन, मौलाना मोहम्मद अली जौहर, हकीम अजमल ख़ां, डॉ. मुख़्तार अहमद अंसारी और अब्दुल मजीद ख़्वाजा जैसी शख़िसयतें शामिल थीं। इनके साथ अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने भी जामिया की बुनियाद मज़बूत करने में योगदान दिया। जामिया के लिए तालीम केवल किताबी ज्ञान हासिल करने का ज़रिया नहीं थी, वह औपनिवेशिक ग़ुलामी से मुक्ति, राष्ट्रीय जागरण और एक नये भारत के निर्माण से जुड़ी हुई थी। यही विरासत जामिया को एक अलग पहचान देती है और उससे आज भी आज़ादी, इंसाफ़, जम्हूरियत और इंसानी गरिमा के उसूलों को मज़बूत करने की अपेक्षा करती है।

गांधी का भरोसा, जामिया का हौसला

जामिया के शुरुआती वर्षों में जब गंभीर आर्थिक संकट आया, तब महात्मा गांधी ने इसके अस्तित्व को बनाए रखने के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उनसे जुड़ा यह कथन जामिया के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को बयान करता है- 'जामिया को चलना ही होगा। अगर आप उसकी आर्थिक हालत को लेकर परेशान हैं, तो मैं भीख का कटोरा लेकर निकल पड़ूंगा।' यह कथन याद दिलाता है कि किसी संस्था के आदर्शों में सच्चा विश्वास केवल शब्दों से नहीं, बल्कि मुश्किल वक़्त में उसके साथ खड़े होने से साबित होता है।

विरासत को आज के कामों से जोड़ें

जामिया के 106वें स्थापना दिवस पर आइए, इसके संस्थापकों और शुरुआती निर्माताओं के बुनियादी उसूलों को याद करें और उन्हें अपने जीवन तथा कामों में उतारने का संकल्प लें।

जामिया की सोच थी कि इल्म की रोशनी से अंधेरों को दूर किया जाए, लोगों में जागरूकता पैदा हो, नई संभावनाओं के दरवाज़े खुलें और इंसाफ़, बराबरी तथा प्रगतिशील मूल्यों पर आधारित समाज बने। तालीम का मक़सद केवल डिग्री हासिल करना, नौकरी पाना या आराम की ज़िंदगी बिताना नहीं है। इसका मक़सद सोचने-समझने की क्षमता विकसित करना, सवाल पूछने का हौसला पैदा करना और समाज की बेहतरी के लिए अपनी ज़िम्मेदारी निभाना भी है। जामिया की विरासत हमें जनआंदोलनों और सामाजिक बदलाव की कोशिशों में सक्रिय भागीदारी की प्रेरणा देती है। आज हमें ख़ुद से पूछना चाहिए कि तालीम, इंसाफ़, बराबरी, जम्हूरियत, इंसानियत और इंसानी गरिमा की हिफ़ाज़त के लिए हम क्या कर सकते हैं? अपने ज्ञान, अनुभव और क्षमताओं का इस्तेमाल करके समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में हम क्या योगदान दे सकते हैं?

पूर्व विद्यार्थी आगे आएं, साझा पहल करें

जामिया के पूर्व विद्यार्थी भी अपने आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर साझा मूल्यों और उद्देश्यों के लिए एकजुट हों। अपने अनुभव, ज्ञान, समय और क्षमताओं का इस्तेमाल नई पीढ़ी के लिए बेहतर अवसर पैदा करने में करें। तालीम, हैल्थ, मानवाधिकार और सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में ठोस पहल करें। बिना किसी भेदभाव के ज़रूरतमंद लोगों तक मदद पहुंचाएं और उन लोगों के लिए आगे बढ़ने के अवसर पैदा करें, जो सामाजिक या आर्थिक शोषण, भेदभाव और अभाव के कारण पीछे रह गए हैं।

स्थापना दिवस पर तीन संकल्प

जामिया के 106वें स्थापना दिवस पर आइए, हम बधाइयों और समारोहों से आगे बढ़कर तीन ठोस संकल्प लें- जामिया के छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का समर्थन करेंगे, पूर्व विद्यार्थियों को साझा मूल्यों और उद्देश्यों के लिए एकजुट करेंगे, और तालीम, हैल्थ, मानवाधिकार तथा सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में मिलकर काम करने की पहल करेंगे। ज़रूरतमंदों की मदद, वंचित तबक़ों के लिए अवसर पैदा करना और नई पीढ़ी का मार्गदर्शन हमारी प्राथमिकताओं में शामिल हों।

(लेखक जामिया मिल्लिया इस्लामिया अलूमनाई एसोसिएशन (रियाद चैप्टर, 2014-2016) के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

सिर्फ शास्त्र पढ़ने से या योग करने से अशांति दूर नहीं होती, शांति चाहते हैं तो मानव सेवा करें

प्रेरक-प्रसंग

स्वामी विवेकानंद के पास एक युवक पहुंचा और बोला मैं अनेक साधु-संतों से मिला हूं। कई मंदिरों में गया, कई आश्रमों में भी गया हूं, लेकिन मैं जो चाहता हूं, वह मुझे आज तक मिला नहीं है। विवेकानंद जी ने कहा भाई, तुम चाहते क्या हो? युवक ने कहा, मैं शांति चाहता हूं। शांति पाने के लिए मैंने कई प्रयास किए हैं, लेकिन मैं उतना ही अशांत हूं। क्या आप मुझे कोई समाधान बता सकते हैं? विवेकानंद जी ने कहा तुम ये बताओ, अब तक तुमने कौन-कौन से प्रयास किए हैं? युवक बोला मैंने एक महात्मा जी का सत्संग सुना तो उससे हनुमान जी के प्रति मेरी आस्था जाग गई। अब मैं हनुमान जी की साधना करता हूं। उसके बाद मन को शून्य करने के लिए ध्यान-योग करता हूं। फिर मैंने एक संत से सुना कि शास्त्रों का अध्ययन करना चाहिए तो मैं एक एकांत कमरे में बड़े-बड़े शास्त्र पढ़ता हूं। पढ़ते समय मैं किसी से मिलता नहीं हूं। अपने आप को बहुत गहरे अध्ययन में मैं डूबो चुका हूं, लेकिन शांति नहीं मिली। विवेकानंद जी बोले सबसे पहले एक काम करो, तुम्हारे घर में जो एकांत कमरा है, जिसमें बैठकर तुम शास्त्रों का अध्ययन करते हो, योग-ध्यान करते हो, उसके सारे दरवाजे खोल दो, उसके बाद अपने घर के दरवाजे खोल दो।

युवती से दुष्कर्म के बाद खून की होली खेलने की धमकी दी

हीमपुर दीपा (चिंगारी)। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक द्वारा युवती के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी युवक अब पीड़िता और उसके परिजनों पर शादी करने के लिए लगातार दबाव बना रहा है, जिससे पूरा परिवार गहरे सदमे और दहशत में है। पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस को बताया कि शनिवार को सुबह सवेरे वह घर के टॉयलेट में गई तो वहां छुपे बैठे गांव के ही साकिब उर्फ गुर्जर ने उसे दबोच लिया और डरा-धमकाकर पास के गन्ने के खेत में ले गया। पीड़िता का कहना है कि उसकी शादी 24 नवंबर 2026 को होनी है। आरोपी ने धमकी दी है कि तेरी शादी तो मेरे साथ ही होगी, चाहे मुझे खून की होली खेलनी पड़ जाये। धमकी से संबंधित आरोपी की सभी वीडियो रिकॉर्डिंग पुलिस को उपलब्ध करा दी गई है। परिजनों का कहना है कि आरोपी की हरकतों से पीड़िता का भविष्य दांव पर लगा है। पूरा परिवार मानसिक प्रताड़ना झेलने को विवश है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक मनाया सूर्य उपासना का छठ पर्व

अफजलगढ़ (चिंगारी)। रविवार को कालागढ़ बैराज के पवित्र तट पर सूर्य उपासना के महापर्व छठ का अलौकिक दृश्य देखने को मिला। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालु महिलाओं ने नदी तट पर आस्था, श्रद्धा और भक्ति का संगम रचा। पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित व्रती महिलाएं सिर पर डाला लिए परिवार सहित नदी किनारे पहुंचीं और भक्ति गीतों के साथ सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। जानकारी के अनुसार पूरा वातावरण जय छठी मइया के गूंजते स्वर से भक्तिमय हो उठा। सनातन धर्म में सूर्य उपासना का यह पर्व सर्वोच्च आस्था का प्रतीक माना गया है। इसे सूर्य षष्ठी व्रत, डाला छठ, छठी मइया पूजा आदि नामों से भी जाना जाता है। यह पर्व न केवल सूर्य देव की आराधना का प्रतीक है। बल्कि प्रकृति, जल और जीवन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का उत्सव भी है। इस वर्ष छठ महापर्व की शुरुआत नहाय-खाय की पावन परंपरा से हुई थी। इसके उपरांत खरना के दिन व्रतियों ने निर्मल मन से प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे के निर्जला व्रत का संकल्प लिया। रविवार की संध्या को श्रद्धालु महिलाओं ने कालागढ़ बैराज पर डूबते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देकर अपने परिवार के सुख, समृद्धि और आरोग्यता की कामना की। छठी मइया के जयघोष, जलते दीपों की कतारें और मंत्रोच्चारण से पूरा घाट आस्था और भक्ति के रंगों में रंग गया।



रामगंगा नदी के तट पर पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

चिल्ड्रंस एकेडमी में खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



नूरपुर(चिंगारी)। चिल्ड्रन्स एकेडमी में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता में कक्षा तीन से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान दौड़, कबड्डी, क्रिकेट, वालीबाल, बैडमिंटन, ऊंची कूद, लंबी कूद, जैवलिन थ्रो, रस्साकसी और स्लो साइकिल रेस सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि एसआई रवि कुमार ने सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में मैनेजर डॉ. प्राज्ञ गोयल, डायरेक्टर गौरव गोयल, प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा, पीटीआई शिवम त्यागी रहे। चेयरमैन सत्यवीर गुप्ता ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

सुहावने मौसम का मजा, किरकिरा कर रहे मच्छर

नांगल सोती (चिंगारी)। गर्मी चली गई है और गुलाबी ठंड की शुरुआत हो गई है। वातावरण सुहावना है। लेकिन लोग इस शानदार मौसम का आनंद नहीं ले पा रहे हैं। कारण है मच्छरों की बढ़ती संख्या। लोग गुलाबी ठंड का आनंद लेने के लिये बिस्तर पर लेटते हैं, मगर मच्छरों का बेसुरा राग सारा मजा किरकिरा कर देता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग है कि मच्छरों की रोकथाम के लिये प्रशासन अपनी निगरानी में ग्राम पंचायतों में मच्छरनाशक दवा का छिड़काव कराये।

निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता में राहिया और प्रिया ने बाजी मारी

नहटौर (चिंगारी)। एसएनएसएम इंटर कॉलेज नहटौर में विधानसभा स्तरीय एनएसएस निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों ही प्रतियोगिताओं में एसएनएसएम इंटर कॉलेज नहटौर की छात्राओं ने बाजी मारी। निबंध प्रतियोगिता में एसएनएसएम इंटर कॉलेज की राहिमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज की मिस्वा द्वितीय, मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल की तरुण कुमारी तृतीय, गांधी इंटर कॉलेज मनकुआं की निशू चतुर्थ और जनता इंटर कॉलेज महुआ की चंचल कुमारी पंचम स्थान पर रहीं। वहीं क्विज प्रतियोगिता में भी एसएनएसएम इंटर कॉलेज की प्रिया ने प्रथम, गांधी इंटर कॉलेज मनकुआं की मंचल देवी द्वितीय, मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज की अदीबा तृतीय, मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल की रितिका चतुर्थ और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की भूमि चौधरी पांचवें स्थान पर रहीं। प्रधानाचार्य दुष्यंत त्यागी ने सभी चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मॉडर्न ऐरा स्कूल में मनाया बाल दिवस

नहटौर (चिंगारी)। मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल झाल रोड नहटौर में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि नमन चौधरी, प्रधानाचार्य डा. सचिन चौधरी ने माँ सरस्वती के चित्र के समस द्वीप प्रज्वलित करके की। उसके बाद बच्चों ने अनेक कार्यक्रम जैसे कविता, गीत और नृत्य प्रस्तुत किये, जिसने सभी बच्चों और अध्यापकों का मन मोह लिया।

जर्जर सड़क की मरम्मत होगी

नहटौर (चिंगारी)। नूरपुर रोड से धामपुर रोड को जोड़ने वाले नहटौर बाईपास के सबसे जर्जर हिस्से की मरम्मत का रास्ता साफ हो गया है। लोक निर्माण विभाग ने 570 मीटर हिस्से का एस्टीमेट तैयार कर शासन को भेज दिया है। बाईपास की कुल लंबाई 1840 मीटर है, लेकिन सबसे ज्यादा क्षतिग्रस्त 570 मीटर हिस्सा है। इसी हिस्से को विशेष मरम्मत योजना में शामिल किया गया है। नहटौर निवासी आबिद अंसारी की शिकायत पर विभाग ने लिखित जवाब दिया है। विभाग ने बताया कि इसी वित्तीय वर्ष में इस हिस्से की मरम्मत कराई जाएगी। शिकायतकर्ता आबिद अंसारी का कहना है कि केवल 570 मीटर नहीं, पूरी सड़क ठीक होनी चाहिए, इसके लिए प्रयास जारी रहेगा। लो.नि.वि. अवर अभियंता नरेंद्र कुमार ने बताया कि स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

विनोद तावड़े से मिलीं शक्ति मित्तल



चांदपुर (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय एवं ऊर्जावान युवा भाजपा नेत्री तथा विधानसभा क्षेत्र चांदपुर से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही शक्ति भारद्वाज मित्तल ने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी विनोद तावड़े से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान क्षेत्र के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, संगठन की मजबूती और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई। शक्ति भारद्वाज मित्तल ने श्री तावड़े को चांदपुर विधानसभा क्षेत्र में चल रही पार्टी की विभिन्न गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के जमीनी स्तर पर हो रहे क्रियान्वयन से अवगत कराया। श्री विनोद तावड़े ने शक्ति भारद्वाज मित्तल द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे संगठनात्मक कार्यों और जनसेवा के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ जनता के बीच सक्रिय रहने का मार्गदर्शन प्रदान किया। भेंट के उपरांत शक्ति भारद्वाज मित्तल ने राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व का स्नेह, आशीर्वाद और बहुमूल्य मार्गदर्शन सदैव नई ऊर्जा प्रदान करता है।



डॉ. मूलचंद सैनी ने आयोजित किया स्वास्थ्य शिविर

चांदपुर (चिंगारी)। भाजपा नेता डॉ. मूलचंद सैनी व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सजला सैनी की ओर से आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में रोगियों की भीड़ उमड़ पड़ी। गांधी इंटर कालेज बास्टा में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 60 लाभार्थियों ने ईसीजी की गई, 15 लाभार्थी सफेद मोतियाबिन्द एवं 5 लाभार्थी घुटना एवं कूल्हे रिप्लेसमेन्ट के नि:शुल्क ऑपरेशन हेतु चिन्हित किये गये। शिविर में प्लास्टिक सर्जन डॉ. शोभित शर्मा, आर्थोपेडिक डॉ. मूलचन्द सैनी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष, नाक, कान एवं गला डॉ. विवेक एवं डॉ. निशान्त, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराधा मिश्रा एवं डा साक्षी, फिजिशियन डॉ. शैलेंद्र, डॉ. शोभित महेश्वरी, मौ. आबू आसिन इत्यादि विशेषज्ञ टीम ने रोगियों का परीक्षण किया।


शिविर में रोगियों का उपचार करते मूलचंद सैनी।

डॉ. मूलचंद सैनी ने बताया कि नारनौर में लगने वाले गंगा स्नान मेले में दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा तथा शीघ्र ही ग्राम फीना में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। डॉ. मूलचंद सैनी की ओर से 25 अक्टूबर को चांदपुर स्थित अपने आवास पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें हजारों रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई थी।

भारत स्वरूप एकेडमी मीमला में मनाया गया बाल दिवस

धामपुर (चिंगारी)। भारत स्वरूप एकेडमी, मीमला (धामपुर) में बाल दिवस उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष रूप से बैगलेस डे का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, रचनात्मकता एवं अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना था। विद्यालय की प्रधानाचार्या उपासना यादव ने कहा कि प्रत्येक बच्चा अपने आप में विशेष प्रतिभा रखता है। शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना भी है। कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, कविता पाठ, चुटकुले, कहानी वाचन एवं गायन जैसी मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मनोरंजन किया। वहीं खेलकूद गतिविधियों के अंतर्गत वॉलीबॉल, खो-खो, दौड़ एवं विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया।

लेखपाल संघ ने स्थापना दिवस मनाया, इस अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया

धामपुर (चिंगारी)। तहसील धामपुर में लेखपाल संघ धामपुर के 65वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। तहसील धामपुर सभागार में धूमधाम से लेखपाल संघ का स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर तहसीलदार धामपुर, खंड मंत्री विनेश कसाना, जिलाध्यक्ष लेखपाल संघ बिजनौर अंजलि त्यागी, सचिव गौरव कुमार, तहसील अध्यक्ष प्रवीण, नगर मंत्री प्रदीप वालियान, लेखपाल नरेश कुमार, अजय कुमार, अनिल कुमार, आकांक्षा यादव, अमितू शर्मा, सुधीर कुमार आदि सभी लेखपाल उपस्थित रहे।

माता रानी के जगराते में उमड़ी भक्तों की भीड़

चिड़ियापुर (चिंगारी)। चिड़ियापुर के शिव मंदिर के प्रांगण में रविवार को माता रानी का जगराता किया गया। जय दुर्गा मां जागरण मण्डल नजीबाबाद द्वारा चिड़ियापुर में आयोजित माता रानी के जगराते को सुनने के लिए श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों की भीड़ के आगे जगराते में लगा पंडाल भी बौना साबित हो गया। चिड़ियापुर में जय माता रानी का यह 17वां जगराता था, जो चिड़ियापुर के शिव मंदिर के प्रांगण में समस्त ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित किया गया। जगराते में माता रानी के भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। कृष्ण-सुदामा मिलन की सुन्दर झांकी ने भक्तों का मन मोह लिया। जगराते के पश्चात सोमवार को प्रसाद का वितरण किया गया। कोई भी प्रसाद से वंचित न रह जाए, इसलिए आयोजकों द्वारा घर-घर प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस मौके पर देवाशीष अग्रवाल, सुरेंद्र सैनी, टेकचंद सैनी, सरदार इकबाल सिंह, लालाराम सैनी, धन सिंह बिष्ट, सुभाष सैनी, सोनू सैनी, अजय सैनी, अवतार सिंह राणा, राजेंद्र सैनी प्रीतम सैनी, अर्जुन सैनी, राजेश सैनी, छत्रपाल सिंह सैनी आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



जे.के. एकेडमी में बाल दिवस पर हुई खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित

धामपुर (चिंगारी)। जे.के. मॉडर्न एकेडमी, धामपुर में बाल दिवस के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बच्चों के प्रिय चाचा पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद किया गया। बाल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए इंटर हाउस वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के चारों सदनों अग्नि हाउस, पृथ्वी हाउस, आकाश हाउस एवं वायु हाउस के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के चेयरमैन जितेन्द्र चौहान ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनके सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियां भी अत्यंत आवश्यक हैं। विद्यालय की एम.डी. श्रीमती कनक चौहान ने कहा कि खेल बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं।

हंगामा लोक समिति ने मनाया बाल दिवस, कार्तिक और भव्य को किया सम्मानित

धामपुर (चिंगारी)। हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति (रजि.) द्वारा बाल दिवस के अवसर पर समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक एवं निर्मला कौशिक तथा समिति की अध्यक्ष राखी कौशिक, महामंत्री उपासना कौशिक द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति की अध्यक्ष राखी कौशिक एवं महामंत्री उपासना कौशिक ने कार्तिक शर्मा और भव्य शर्मा को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। राखी उपासना कौशिक ने बताया कि भव्य, कार्तिक दोनों के द्वारा प्रतिभाशाली बच्चे हैं, इसलिए बाल दिवस के अवसर पर उन्हें सम्मानित किया गया है। समिति द्वारा समय-समय पर सामाजिक एवं साहित्यिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों, युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम में बच्चों के चेहरे उपहार पाकर खिल उठे।



बाल दिवस पर हुई मनोरंजक प्रतियोगिताएं



धामपुर (चिंगारी)। एमकेडी चिल्ड्रन एकेडमी धामपुर में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ लाल बहादुर रावल व मैनेजर डॉ. रश्मि रावल ने विद्यार्थियों को बाल दिवस के बारे में बताया इस अवसर पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक खेल एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। विद्यालय परिसर में पूरे दिन खुशी और उमंग का माहौल बना रहा। विद्यालयों के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है। कार्यक्रम में बच्चों को उपहार और मिष्ठान वितरित किया गया।

आश्रम पद्धति विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

लालढांग (चिंगारी)। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय (बालक एवं बालिका) में बाल दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य गरिमा मिश्र द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों व कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य गरिमा मिश्र नेबच्चों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन से प्रेरणा लेने तथा शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति एवं परंपराओं को संजोकर रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा जनजाति से संबंधित परिधान तथा वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में जनजातीय संस्कृति, रहन-सहन, परिधान एवं पारंपरिक वस्तुओं को बड़े ही सुंदर ढंग से प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गरिमा मिश्र ने पूर्व प्रधान खेम सिंह को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विजेंद्र सिंह, अध्यक्ष आदिम बुक्सा जनजाति परिषद उत्तराखंड, कोषाध्यक्ष पुनीत व विद्यालय का स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक एवं सम्मान समारोह संपन्न

प्रदीप किशोर भटनागर बने बिजनौर के नये जिलाध्यक्ष



पंकज भटनागर व डा. अनुपमा माथुर को सम्मानित करते हुए कायस्थ महासभा के पदाधिकारी

बिजनौर(चिंगारी)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, जनपद बिजनौर के तत्वावधान में जैन धर्मशाला, बिजनौर में सक्रिय सदस्य बैठक एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सक्रिय सदस्यों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर नजीबाबाद की शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. अनुपमा माथुर को उनके सामाजिक कार्यों के लिए तथा धामपुर के पंकज भटनागर को सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश भटनागर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में नगर संरक्षक राजवर्धन भटनागर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रितेश भटनागर ने किया। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश भटनागर ने नये जिलाध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप किशोर भटनागर के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री प्रदीप किशोर भटनागर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए आपसी सहयोग, समन्वय और एकजुटता के साथ समाजहित में कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

कार्यक्रम में श्री शुभम भटनागर, वैभव भटनागर, श्रीमती मानसी भटनागर, छोटे लाल भटनागर, सुनील कुमार भटनागर, ज्ञान स्वरूप भटनागर, श्रीमती लता भटनागर, हनी भटनागर, रामस्वरूप भटनागर, रमेशचंद्र भटनागर, श्रीमती प्रेमा श्रीवास्तव, रोहिताश सक्सेना, शशांक भटनागर सहित अनेक गणमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री प्रदीप किशोर भटनागर द्वारा घोषित जिला कार्यकारिणी में निम्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई- संरक्षक श्री सुरेंद्र प्रकाश भटनागर, उपाध्यक्ष- रमेश चंद्र भटनागर (नजीबाबाद), डॉ. अनुराधा माथुर (नजीबाबाद), केशव शरण भटनागर (नगीना), श्री संजय भटनागर (धामपुर), श्री मनोज भटनागर (स्योहारा), श्री अजय कुमार भटनागर (बिजनौर), श्री बृज बिहारी सक्सेना (बिजनौर), योगेंद्र नारायण भटनागर (चांदपुर), महामंत्री- रितेश भटनागर (बिजनौर), संगठन मंत्री-अरुण भटनागर (धामपुर), मंत्री-भुवन कश्यप, मुकेश भटनागर (बास्टा),अतुल भटनागर (बिजनौर), निशांक भटनागर (धामपुर), रवि भटनागर (स्योहारा), श्रीमती दीपांजलि भटनागर (बिजनौर)। ऑडिटर - अरुण कुमार श्रीवास्तव (बिजनौर), महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष- श्रीमती रंगोली भटनागर (बिजनौर), युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष- स्पर्श भटनागर (बिजनौर), चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष- डॉ. अनिल कुमार सक्सेना (धामपुर), व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष-सौरव माथुर (बिजनौर),- शिक्षक प्रकोष्ठ अध्यक्ष-डॉ. राजीव जोहरी (बिजनौर),अधिवक्ता परिषद अध्यक्ष-अभय कृष्णा सक्सेना, पदेन सदस्य- प्रांतीय सचिव ओम सहाय भटनागर।

तेगबहादुर स्कूल में हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

नूरपुर (चिंगारी)। गुरुतेग बहादुर पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के पांचों हाउस के कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। भाला फेंक जूनियर बॉयज में सिद्धार्थ सुभाष हाउस प्रथम रहे। भाला फेंक में सीनियर बॉयज में मानस भगत सिंह हाउस प्रथम रहे। 200 मीटर सीनियर बालक वर्ग में देव टैगोर हाउस प्रथम रहे। 200 मीटर बालिका जूनियर वर्ग में सौम्या भगत सिंह हाउस प्रथम रहे। लंबी कूद जूनियर बालक वर्ग में मो. अफ्फान तेज हाउस प्रथम रहे। ताइक्वांडो जूनियर बालक वर्ग में खुशवंत सुभाष हाउस प्रथम रहे। ताइक्वांडो जूनियर बालिका वर्ग में मानवी तेज हाउस प्रथम रहे। बॉक्स क्रिकेट जूनियर बालक वर्ग में तेज हाउस प्रथम रहे। कबड्डी सब जूनियर बालक वर्ग में भगत हाउस प्रथम रहे। कबड्डी जूनियर बालक वर्ग में तेज हाउस प्रथम रहे। शूटिंग में सीनियर बालिका वर्ग में गांधी हाउस प्रथम रहे। शूटिंग में सीनियर बालक वर्ग में अभिनव सुभाष हाउस रहे। शूटिंग में जूनियर बालक वर्ग में प्रणव टैगोर हाउस प्रथम रहे। शूटिंग में जूनियर बालिका वर्ग में आलिया तेज हाउस प्रथम रहे। ताइक्वांडो सीनियर बालिका वर्ग में तृप्ति तेज हाउस प्रथम रहे। रिले रेस 400 मीटर जूनियर वर्ग में तेज हाउस प्रथम, गांधी हाउस द्वितीय और टैगोर हाउस तृतीय रहे। ताइक्वांडो सीनियर बालक वर्ग में उमैर गांधी हाउस पहले, हसन तेज हाउस और जतिन गांधी हाउस दूसरे और नैतिक भगत सिंह हाउस तीसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में आराध्या तेज हाउस प्रथम रहीं। रिले रेस 400 मीटर सब जूनियर बालक वर्ग में तेज हाउस प्रथम रहे।





जल निकासी की नहीं कोई व्यवस्था, सम्पर्क मार्ग की हालत खस्ता

हीमपुर दीपा (चिंगारी)। ब्लॉक जलीलपुर क्षेत्र के सुदनीपुर रावटी गांव में जल निकासी की कोई व्यवस्था न कराए जाने से टूंगरी महदूद संपर्क मार्ग की हालत बद से बदतर होती जा रही है। गांव के समीप संपर्क मार्ग पर गहरे-गहरे गड्ढे और उनमें हर समय कीचड़युक्त पानी भरा रहने से ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। गांव में सड़क किनारे घरों का पानी बहने के लिए कोई नाली नहीं बनी है। घरों का रोजमर्रा का गंदा पानी पहले सड़क की पटरियों से होता हुआ पास के खेतों में चला जाता था, लेकिन आसपास के किसानों ने इस पर पाबंदी लगा दी है। गांव



के अधिकतर तालाब अतिक्रमण की चपेट में है। इसी कारण सड़क किनारे पटरियों पर बहने वाला रोजमर्रा का गंदा पानी गांव के समीप संपर्क मार्ग पर भरकर खड़ा हो जाता है। अब हालात यह है कि संपर्क मार्ग जगह-जगह टूट गया है, उसमें कीचड़युक्त पानी भरा रहता है। रालोद के जिला महासचिव सुबोध कुमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. धर्म सिंह पाल, ऋषिपाल सिंह आदि ने बताया कि यहां जल भराव होने से आवागमन की दिक्कत के साथ ही मच्छर जनित बीमारियां फैलने का खतरा मंडराने लगा है। ग्राम प्रधान/प्रशासक सुशील कुमार ने बताया कि संपर्क मार्ग का निर्माण पीडब्ल्यूडी द्वारा करवाया गया था, विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत करा दिया गया है।

100 प्रतिशत दिव्यांग, कई बार आवेदन के बाद भी नहीं मिली इलेक्ट्रॉनिक ट्राईसाइकिल

सिलाई मशीन ही सहारा

खासपुरा (चिंगारी)। नाम है धर्मेंद्र। 100 प्रतिशत दिव्यांग है, चल-फिर नहीं सकते, 6 छोटे-छोटे बच्चों के पिता हैं। सरकार से सिर्फ 1000 रुपये पेंशन मिलती है, जिसमें 8 लोगों के परिवार का गुजारा होना नामुमकिन है।

फिर भी धर्मेंद्र ने कभी किसी के आगे हाथ नहीं फैलाया। घर पर ही सिलाई मशीन चलाकर बच्चों का पेट पालते हैं, भीख नहीं मांगते, मेहनत करते हैं।



खासपुरा निवासी धर्मेंद्र का कहना है कि इलेक्ट्रॉनिक ट्राईसाइकिल के लिए कई बार आवेदन कर दिया है, हर बार फॉर्म भरा, हर बार कागज दिए, हर बार सिर्फ आश्वासन मिला- हो जाएगा, आ जाएगा, लेकिन आज तक ट्राईसाइकिल नहीं मिली।

हाथ वाली ट्राईसाइकिल पर दूर तक जाना मुश्किल है, बाजार से सिलाई का सामान लाने में, बच्चों के काम के लिए बाहर निकलने में बहुत दिक्कत होती है। अगर इलेक्ट्रॉनिक ट्राईसाइकिल मिल जाए तो वो खुद से आ-जा सकें, बिना किसी के सहारे के काम कर सकें।

मैं भीख नहीं मांग रहा, मैं अपना हक मांग रहा हूं। मुझे इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल मिल जाए तो मैं और मेहनत करके अपने बच्चों को पाल लूंगा।

चौथा स्तंभ पत्रकारिता लोकतंत्र की प्राण-वायु



मुरादाबाद (चिंगारी)। आज हम सभी पत्रकार बन्धु राष्ट्रीय प्रेस दिवस मना रहे हैं। यह दिन देश में एक स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस (मीडिया) के महत्व और लोकतंत्र में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के लिए समर्पित है। विदित हो कि 4 जुलाई 1966 को देश में एक स्वतंत्र और नैतिक प्रेस की देखरेख के लिए भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना का निर्णय लिया गया था, जिसने विधिवत रूप से 16 नवंबर 1966 को अपना कार्य करना शुरू किया, तभी से हर साल 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के रूप में मनाया जाता है। पत्रकार सुरक्षा परिषद फाउंडेशन के जिला मंत्री इंजी. राकेश भारद्वाज ने बताया कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करना, पत्रकारिता के उच्च मानकों को बनाए रखना और मीडियाकर्मियों को बिना किसी डर या दबाव के निष्पक्ष व तथ्यात्मक खबरें प्रसारित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। लोकतंत्र की मजबूती में न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका के साथ-साथ प्रेस को चौथा स्तंभ माना जाता है। जनता की आवाज़ को सरकार तक पहुंचाने और सरकार की नीतियों को जनता तक स्पष्ट रूप से लाने में मीडिया सेतु का काम करता है। वर्तमान में पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होने के साथ-साथ एक अत्यंत प्रभावशाली और संवेदनशील दौर से गुजर रही है। सूचना तकनीक के विकास और इंटरनेट की पहुंच ने पत्रकारिता के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है, लेकिन इसके साथ ही इसके सामने कई गंभीर और जटिल चुनौतियां भी खड़ी हो गई हैं। पत्रकारिता लोकतंत्र की प्राण-वायु है। यदि पत्रकारिता अपनी साख बचाए रखना चाहती है, तो उसे सनसनी और मुनाफे के मोह को छोड़कर सत्य, निष्पक्षता, सामाजिक उत्तरदायित्व और जनहित के मूल मूल्यों की ओर लौटना होगा। तकनीक का उपयोग सूचना को तेज करने के लिए होना चाहिए, न कि उसकी गुणवत्ता और विश्वसनीयता से समझौता करने के लिए।


राकेश भारद्वाज

बेटी के जन्म की खुशी में अस्पताल परिसर में कराया विशाल भंडारा

नगीना (चिंगारी)। नगीना-किरतपुर मार्ग स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर मेघ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल परिसर में रविवार को भाजपा नेता मेघ प्रकाश की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में भाजपा नेताओं सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मेघ प्रकाश ने बताया कि काफी समय बाद उनके परिवार में बेटी का जन्म हुआ है। इसी खुशी में उन्होंने क्षेत्रवासियों और शुभचिंतकों के लिए भंडारे का आयोजन किया।



इस मौके पर पूर्व सांसद डॉ.यशवंत सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव सिसौदिया, जिला उपाध्यक्ष नीरज बिश्नोई, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, मंडल महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, नंदकिशोर सैनी, भूरे सिंह जिला सहसंयोजक पंचायत प्रकोष्ठ, जिला मंत्री पिछड़ा मोर्चा गौरव पाल, मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, महामंत्री टीकम सिंह, उपाध्यक्ष विनीत चौधरी, जिला कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश त्यागी आदि मौजूद रहे।

देश की मूल निवासी जनता को शासक वर्ग बनाना है- चौहान

पीपीआईडी ने एमएम इंटर कॉलेज में आयोजित की महारैली

नगीना (चिंगारी)। पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.केएस चौहान ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य देश की मूल निवासी जनता को शासक वर्ग बनाना है। इसके लिए पार्टी देश के संसाधनों के राष्ट्रीयकरण और समान शिक्षा व्यवस्था लागू कराने की दिशा में संघर्ष कर रही है। रविवार को एमएम इंटर कॉलेज में आयोजित मजदूर, किसान, नौजवान एवं महिला महागर्जना महारैली से पहले कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला। इसके बाद सिविल कोर्ट मुंसिफी के निकट स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। महारैली में मुख्य अतिथि हेमराज पटेल ने कहा कि देश में समान शिक्षा व्यवस्था लागू होना जरूरी है। पीपुल्स लेबर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर ललित कुमार ने मजदूरों, किसानों, नौजवानों और महिलाओं के शोषण का मुद्दा उठाते हुए सम्मानजनक मजदूरी की मांग की। प्रदेश महासचिव हरीश मौर्य और एडवोकेट अभिनय कुमार के संचालन में हुई रैली में जिलाध्यक्ष एडवोकेट राजीव धीमान, गौरव धीमान, सुनील सैनी, नीलम सिंह, आरके विद्यार्थी, रवींद्र विद्यार्थी, रामकुमार, सरदार वीरेंद्र सिंह, कामेश कुमार, ह्रदेश कुमार पाल सहित अन्य लोगों ने विचार रखे।



सर्दियों में बढ़ता वायु प्रदूषण आंखों के लिए बन सकता है खतरा

अफजलगढ़ (चिंगारी)। सर्दियों की शुरुआत के साथ ही कई इलाकों में वायु प्रदूषण और स्मॉग की समस्या बढ़ने लगी है। प्रदूषित हवा का असर केवल फेफड़ों और हृदय तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा प्रभाव आंखों की सेहत पर भी पड़ता है। हवा में मौजूद धूल, धुआं और प्रदूषण के सूक्ष्म कण आंखों में जलन, खुजली, लालिमा और सूखेपन जैसी समस्याओं को बढ़ा सकते हैं। लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहने से पहले से आंखों की बीमारी से जूझ रहे लोगों की परेशानी भी बढ़ सकती है। काशीपुर रोड स्थित शक्ति हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. एस.के. सिंह ने बताया कि आमतौर पर वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों की चर्चा करते समय फेफड़ों और हृदय की सेहत पर अधिक ध्यान दिया जाता है, जबकि आंखें भी सीधे तौर पर प्रदूषित हवा के संपर्क में आती हैं। सर्दियों में स्मॉग, धूल और हवा में मौजूद प्रदूषण के बारीक कण आंखों की ऊपरी सतह को प्रभावित करते हैं। इसके कारण आंखों में लालिमा, खुजली, जलन और पानी आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। विशेष रूप से ड्राई आई और आंखों की एलर्जी से पीड़ित लोगों को इस मौसम में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि पराली जलाने, वाहनों से निकलने वाले धुएं, औद्योगिक इकाइयों और निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल के कारण वायु गुणवत्ता प्रभावित होती है। सर्दियों में हवा की गति कम होने और तापमान में बदलाव के चलते प्रदूषक कण वातावरण में आसानी से फैल नहीं पाते और जमीन के आसपास जमा होने लगते हैं। इसके चलते लोग लंबे समय तक प्रदूषित हवा के संपर्क में रहते हैं और आंखों से जुड़ी परेशानियों का खतरा भी बढ़ जाता है।



डॉ. सिंह के अनुसार, आंखों की सतह पर आंसुओं की एक बेहद पतली परत होती है, जिसे टियर फिल्म कहा जाता है। यह परत आंखों को नम रखने के साथ बाहरी धूल और संक्रमण से बचाने में भी मदद करती है। हवा में मौजूद पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे सूक्ष्म कणों के अलावा नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड इस सुरक्षात्मक परत को प्रभावित कर सकते हैं। इसके कारण आंखों में सूजन, जलन और सूखापन महसूस हो सकता है। कई बार ऐसा लगता है जैसे आंख में कोई बाहरी कण चला गया हो। इसके अलावा धुंधला दिखाई देना और तेज रोशनी से परेशानी होना भी इसके लक्षणों में शामिल हो सकता है।

बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी दें- हाजी कय्यूम

अफजलगढ़ (चिंगारी)। वफा सोशल ट्रस्ट व इलाही बख्श पब्लिक स्कूल के संरक्षक हाजी अब्दुल कय्यूम ने कहा कि बच्चे समाज व देश का भविष्य हैं और बच्चों में संस्कार के साथ-साथ शिक्षा व स्वास्थय के प्रति जिम्मेदारी पैदा करने का दायित्व अध्यापकों, अभिभावकों व समाज के जिम्मेदार लोगों पर निर्भर है। हाजी अब्दुल कय्यूम स्थानीय इलाही बख्श पब्लिक स्कूल में आयोजित बाल दिवस के मौके पर आयोजित बाल मेला प्रोग्राम में मुख्य अतिथि की हैसियत से बोल रहे थे। बाल मेले का उद्घाटन स्कूल के प्रबंध निदेशक मुफ्ती मौ. इरफान कासमी ने किया और स्कूल के मुख्य द्वार पर मुफ्ती इरफान कासमी को विधार्थी समूह की सदर रिज़ा व अरहम इमरान वफा ने गुलाब का फूल भेंट किया। इस बाल मेले में चाऊमीन, छोले, भेलपुरी, फुल्की, फ्रूट चाट, गोल गप्पे, मोमोज, शाही टुकड़े आदि के पंडाल लगाये गये और जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों व गणमान्य नागरिकों की भागीदारी रही। इस बाल मेला कार्यक्रम में अतहर महमूद सिद्दीकी, मौ. आसिफ, शमशाद अहमद, फिजा नूर, नमरा, आरजू, शमा, मुस्कान, अनम खान, सायमा अकील, महविश आदि स्कूल स्टाफ का उल्लेखनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी सत्यप्रकाश पवार, वरिष्ठ पत्रकार हाजी अख्तर सिद्दीकी, वफा सोशल ट्रस्ट के चेयरमैन इमरान वफा, वरिष्ठ अधिवक्ता शेख मौ. यासिर, सीताराम पिपलया एडवोकेट, अब्दुल समी सैफी, कामरेड असलम, मुंशी जिया खान, रिजवान वफा, शमशाद वफा, नदीम वफा, शेख वलीउल्ला, वसीम अहमद, मौ. फराहीम, नवेद विसाल आदि उपस्थित रहे।



विधायक ओम कुमार के कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

दिग्गजों सहित हजारों लोगों ने दी शुभकामनाएं









बिजनौर (चिंगारी)। नहटौर विधायक ओम कुमार के सुपौत्र आर्यन कुमार सिंह के नामकरण संस्कार के अवसर पर विशाल कार्यक्रम का आयोजन ओम फार्म हाउस, महेश्वरी जट में किया गया। इस अवसर पर रात्रि में माता रानी का भव्य जागरण हुआ। आर्यन को शुभकामनाएं देने और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिये कार्यक्रम में जनसैलाब उमड़ पड़ा। आम और खास का संगम देखने को मिला।

विधायक ओमकुमार द्वारा हर वर्ष मां भगवती का जागरण श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाता है। इस बार उनके सुपौत्र का जिस्टोन कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नहटौर विधानसभा क्षेत्र एवं बिजनौर जनपद के कोने-कोने से हजारों की संख्या में गणमान्य अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर विधायक ओम कुमार एवं उनके परिवार को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ओम कुमार द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा भगवान श्री गणेश जी की आरती के साथ किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मेले जैसा दृश्य नजर आया।

इस अवसर पर स्वामी रूपेन्द्र प्रकाश जी महाराज, जिले के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, एमएलसी अशोक कटारिया व सत्यपाल सैनी, जिला पंचायत प्रशासक साकेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, धामपुर गन्ना सोसायटी के चेयरमैन रामवीर सिंह, पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर, स्वदेशी जागरण मंच के प्रदेश संयोजक प्रशांत महर्षि, भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव सिसौदिया, ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार नहटौर, बिजेंद्र चौधरी हल्दौर, तपराज सिंह देशवाल नजीबाबाद, उदय पाल सिंह बिजनौर, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नौनिहाल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सीपी सिंह, कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी, डॉ. एन.पी. सिंह नोएडा, सीडीओ रणविजय सिंह, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एस.के. बबली, डॉ. अशोक चौधरी, भाजपा जिला मंत्री तिलकराज सैनी, कृष्ण बलदेव सिंह, कुनाल चांग, रोबिन चौधरी, अतुल मारवाड़ी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीरज चौधरी, समाजसेवी शमीम मामा, पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी, भाजपा जिला प्रभारी हरिओम शर्मा, जिला आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

श्रद्धालुओं ने किया माता रानी का गुणगान

मां भगवती के विशाल जागरण में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ माता रानी का गुणगान किया और भजनों पर भावविभोर होकर मां का जयकारा लगाया। कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब विधायक ओम कुमार के प्रति क्षेत्रवासियों के स्नेह, विश्वास और आत्मीय जुड़ाव का प्रतीक बना। विधायक ओम कुमार, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शोभा रानी, भाई हरिओम, विष्णु कुमार, पुत्र सिद्धार्थ, पुत्रवधू शिवानी सिंह सहित सभी परिजनों ने आगंतुकों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

मेरे लिये गौरव और सौभाग्य की बात- ओमकुमार

विधायक ओम कुमार ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं पटका पहनाकर तथा मां भगवती की प्रतिमा भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने भावुकता के साथ कहा कि आप सभी मेरी शक्ति हैं। आपका स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। आज इतनी बड़ी संख्या में आप सभी का यहां पहुंचना मेरे और मेरे परिवार के लिए सौभाग्य एवं गौरव का विषय है। आप सभी का हृदय की गहराइयों से स्वागत एवं अभिनंदन करता हूं। विधायक ओमकुमार ने अपनी टीम के सभी साथियों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने दिन-रात मेहनत कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया।

योगी जी के राज में यूपी भयमुक्त हुआ- महंत रूपेंद्र प्रकाश

विधायक ओमकुमार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे प्राचीन अवधूत आश्रम हरिद्वार के महंत रुपेंद्र प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राज में उत्तर प्रदेश भयमुक्त हुआ है। गुण्डे और माफिया प्रदेश छोड़कर चले गये हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश को बांटने की राजनीति की है। उत्तर प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। आने वाले समय में भारत पूरे विश्व का नेतृत्व करेगा।

भक्तिरस में डूबे श्रद्धालु सारे, गूंज उठे गुरु नाम के जयकारे

बिजनौर (चिंगारी)। रेलवे रोड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब से गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकली दूसरी प्रभात फेरी ने इस बार आदर्श नगर को भक्ति रस में डुबो दिया। तड़के अमृत वेला में जब प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से चली, तो सबसे आगे निशान साहिब लेकर गुरुद्वारा का सेवादार चल रहा था, उसके पीछे कीर्तन और शब्द गायन करती संगत चल रही थी। पूरा किरतपुर मार्ग गुरु नाम के जयकारों से गूंज उठा। आदर्श नगर पहुंचने पर मनजीत सिंह के घर संगत का विशेष स्वागत हुआ, जहां बैठकर सभी ने प्रेम से कीर्तन सुना और गुरुबाणी का आनंद लिया। वहां से प्रभात फेरी वापस दरबार साहिब लौटी, जहां इसका समापन हुआ। इसके बाद परिवार की ओर से संगत के लिए इटली चाय का लंगर लगाया गया, जिसे सभी ने बड़े चाव से छका। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह फलोदिया, उपाध्यक्ष हरचरण सिंह, हरमीत सिंह निराला, मानवेन्द्र सिंह, सांत सिंह, सुरजीत सिंह, अजीत सिंह, कश्मीर सिंह, बिजयपाल सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, राजेश सिंह, जयपाल सिंह, सुखमनी सेवा समिति की प्रधान बीबी अनीता कौर, बीबी कवीता कौर, रेनू कौर, रंजीत कौर, बबली कौर, जितेन्द्र कौर, गुरदीप कौर सहित बड़ी संख्या में संगत ने हाजरी लगाई।



हैल्पवाला ट्रस्ट ऑफ इंडिया ने धूमधाम से मनाया बाल दिवस

बिजनौर (चिंगारी)। बाल दिवस के पावन अवसर पर हैल्पवाला ट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अब्दुल वारिस के द्वारा दिल को छू लेने वाले अलफाज से हुई। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष मो. सुहेल ने आजकल के हालात को देखते हुए छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उपाध्यक्ष उजमा रानी ने छात्राओं की प्रतिभाओं को देखते हुए ब्यूटिशन, सिलाई, मेहंदी (नि:शुल्क कोर्स) के बारे में जानकारी दी। महामंत्री जेबी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य पर जोर दिया। मौ. सुहेल अध्यक्ष व उजमा रानी उपाध्यक्ष ने कार्यक्रम में बच्चों के लिये विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं चित्र का खेल, नृत्य आदि का आयोजन किया। इस अवसर पर शबनम, हिबा, रुकय्या, नरजिस, अब्दुल वारिस, हाजी हारिस, वसीम रिजवान, सलीम आदि मौजूद रहे।

शराब के ठेकों में चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा गया, सरगना के पैर में गोली लगी

बिजनौर (चिंगारी)। हल्दौर व नजीबाबाद क्षेत्र में शराब की दुकानों के शटर काटकर चोरी करने वाले गिरोह के तीन बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ गये। रविवार की रात को पुलिस ने उन्हें मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में गिरोह का सरगना आस मोहम्मद उर्फ आशु पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है।



गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, चार कारतूस, एक चाकू, चोरी के करीब 30 हजार रुपये, शटर काटने के उपकरण और फर्जी नंबर प्लेट लगी स्विफ्ट कार बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार, हल्दौर थाना क्षेत्र के पोखर बाजार और बालकिशन चौराहे से गंज रोड स्थित शराब की दुकानों में दो नवंबर को शटर काटकर चोरी की गई थी। पुलिस सर्विलांस और सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान करने में जुटी थी।

रविवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की घटनाओं में शामिल बदमाश कुण्डा नहर की ओर आ रहे हैं और किसी अन्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर हल्दौर पुलिस ने कुण्डा नहर की पुलिया के पास चैकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान सफेद रंग की स्विफ्ट कार आती दिखाई दी। कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो कार सवार भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर ग्राम कुम्हारपुरा नहर की पुलिया के पास कार को रोक लिया। आरोप है कि कार से उतरते ही बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आस मोहम्मद उर्फ आशु के दाहिने पैर में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आस मोहम्मद उर्फ आशु निवासी भोजपुर, कार्तिक शर्मा निवासी लतीफपुर तिवड़ा और अतुल त्यागी निवासी मंडोला, जिला गाजियाबाद के रूप में हुई है।

गूगल की मदद से तलाशते थे शराब की दुकानें

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका संगठित गिरोह है। इसका सरगना आस मोहम्मद उर्फ आशु है। गिरोह का सदस्य जबरुद्दीन उर्फ जबरदीन पहले शराब के ठेकों की रेकी करता था। आरोपियों ने बताया कि जबरुद्दीन ने 31 अक्तूबर को अपने भाई अजरुद्दीन के नाम से बिना नंबर प्लेट की स्विफ्ट कार खरीदी थी। इसके बाद एक नवंबर को वे चोरी करने बिजनौर आए थे। आरोपी गूगल के माध्यम से आसपास के शराब के ठेकों की लोकेशन तलाशते थे। इसके बाद रात में कार से पहुंचकर शटर काटते और नकदी व शराब की बोतलें चोरी कर लेते थे। चोरी की रकम आपस में बांट लेते थे। कुछ रकम कपड़े खरीदने, पेट्रोल और खाने-पीने पर खर्च करते थे।

नजीबाबाद में भी की थी चोरी

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने एक और दो नवंबर की रात नजीबाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गुनियापुर और हल्दौर क्षेत्र के पोखर बाजार व बालकिशन चौराहे से गंज रोड स्थित शराब की दुकानों में चोरी करना स्वीकार किया है। नजीबाबाद में हुई चोरी के संबंध में मुकदमा दर्ज है। आरोपियों ने मध्य प्रदेश में भी किराये की गाड़ी से इसी तरह चोरी की घटनाएं करना स्वीकार किया है। वहां इस मामले में वे जेल भी जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी 15 नवंबर को फिर चोरी की वारदात करने के इरादे से बिजनौर आए थे। गिरफ्तारी से बचने के लिए आस मोहम्मद और कार्तिक ने पुलिस टीम पर फायरिंग की।

ठप पड़ा है नल, कहां पियें जल

हीमपुर दीपा (चिंगारी)। हल्दौर ब्लॉक क्षेत्र के पीतन औधा महदूद गांव में कब्रिस्तान के रास्ते पर जुल्फिकार के आवास के समीप जल निगम द्वारा लगवाया गया हैंड पंप पिछले काफी समय से ठप्प पड़ा है, जिसके कारण आसपास के परिवार और राहगीर पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकने को विवश हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान सहित संबंधित अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराया गया, फिर भी खराब हैंडपंप की सुध लेने आज तक कोई नहीं आया।



धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक किया छठ पूजन

बिजनौर (चिंगारी)। चीनी मिल के निकट स्थित कुटिया कालोनी, आवास विकास, नलकूप कालोनी में रविवार को महिलाओं ने छठ पूजा की और लोकगीत गायन कर मंगलगान किया। छठ माता को फल, चावल, नारियल, गन्ना, चने, गुड़, नये वस्त्र, धूप और अगरबत्ती आदि चढ़ाई। अन्य पूजन सामग्री के साथ अस्त होते सूर्य को जल अर्पित किया। कुटिया कालोनी में किरन श्रीवास्तव, सुनीता वर्मा, साक्षी प्रभा, खुश्बू पांडेय, सीमा अवस्थी, रुचि अग्रवाल, संगीता मौर्य, सोनी शर्मा, प्रतिभा राजपूत, अनिता देवल, गायत्री देवल, तारा राजपूत बड़ी संख्या में पूर्वांचल के परिवार रहते हैं। रविवार को कुटिया कालोनी, आवास विकास, नलकूप कालोनी में महिलाओं ने छठ मैय्या की पूजा की। धार्मिक मतानुसार कार्तिक माह की चतुर्थी से शुरू होकर सप्तमी तक छठ पूजा की जाती है। इस दौरान सूर्य



भगवान को जल देकर उपासना की जाती है। छठ देवी सूर्यदेव की बहन हैं। मान्यता है कि जो छठ माता की पूजा करता है, छठ माता उसकी संतानों की रक्षा करती हैं। परिवार की सुख समृद्धि के साथ ही उन्हें निसंतान सुहागिनों की गोद भरने वाला भी माना जाता है। छठ पूजा के दौरान 36 घंटे तक व्रत रखना होता है। छठ पूजा से एक दिन पूर्व गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद खरना खाने के बाद व्रती छठ पूजने के बाद ही कुछ खाती हैं। आज उगते सूरज को जल देने के बाद व्रत का समापन हो गया।

यातायात पुलिस ने चलाया अभियान, ओवर लोडेड 14 ट्रकों का चालान

बिजनौर (चिंगारी)। गन्ना पेराई सत्र शुरू होने के साथ ही सड़कों पर ओवरलोड गन्ना लदे वाहनों से हादसों का खतरा बढ़ गया है। इसे देखते हुए यातायात पुलिस ने 14 और 15 नवंबर को विशेष चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन कर गन्ना परिवहन करते मिले 14 वाहनों के चालान किए गए, जबकि सात वाहनों को सीज कर दिया गया। यातायात पुलिस की टीम ने ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य भारी वाहनों को रोककर गन्ना लादने के तरीके और निर्धारित मानकों की जांच की। चैकिंग में कई वाहन क्षमता से अधिक और बेतरतीब तरीके से गन्ना लादकर चलते मिले। ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने वाहन चालकों को निर्देश दिये कि



गन्ना वाहन की बॉडी से बाहर न निकले और लोडिंग निर्धारित क्षमता के अनुसार ही की जाए। गन्ना सड़क पर गिरने से दूसरे वाहन चालकों और राहगीरों के लिए हादसे का खतरा पैदा होता है। इसके साथ ही वाहनों के आगे और पीछे पर्याप्त रिफ्लेक्टर व रेडियम टेप लगाने तथा रात में दृश्यता के सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए भी जागरूक किया गया। यातायात पुलिस ने वाहन स्वामियों, चालकों, गन्ना क्रय केंद्रों और चीनी मिल प्रबंधन को भी ओवरलोड वाहनों को सड़क पर न भेजने की हिदायत दी है। पुलिस के अनुसार पेराई सत्र के दौरान विशेष चैकिंग अभियान जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पिछले दो विधानसभा चुनाव में बढ़ापुर सीट पर तीसरे नंबर पर रही बसपा

अफजलगढ़ (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। इसी बीच जनपद बिजनौर की बढ़ापुर विधानसभा सीट पर बहुजन समाज पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। शनिवार 14 नवंबर को अफजलगढ़ में आयोजित जनसभा में बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने पूर्व सांसद हरीश नागपाल की पुत्री तान्या नागपाल को बढ़ापुर विधानसभा सीट से पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया। तान्या नागपाल कुछ समय से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भी चुनावी तैयारी कर रही थीं। हाल ही में उन्होंने बसपा की सदस्यता ग्रहण की थी।

तान्या नागपाल की उम्मीदवारी के साथ ही बढ़ापुर विधानसभा सीट के पिछले दो चुनावों के परिणाम भी चर्चा में आ गए हैं। वर्ष 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में बसपा प्रत्याशी लगातार तीसरे स्थान पर रहे थे। चुनावी आंकड़ों पर नज़र डालें तो वर्ष 2017 में भाजपा के सुशांत कुमार ने 78,744 वोट प्राप्त कर जीत दर्ज की थी। कांग्रेस के हुसैन अहमद 68,920 वोट पाकर दूसरे तथा बसपा के फहद यजदानी 50,684 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। उस चुनाव में भाजपा और बसपा के बीच 28,060 वोटों का अंतर था।



वहीं वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के कुंवर सुशांत सिंह ने 100100 वोट प्राप्त कर जीत हासिल की थी। समाजवादी पार्टी के कपिल कुमार 85755 वोटों के साथ दूसरे तथा बसपा के मोहम्मद गाजी 46638 वोट प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे थे। इस चुनाव में भाजपा और बसपा के बीच वोटों का अंतर बढ़कर 53462 हो गया था।

दोनों चुनावों के मत प्रतिशत की तुलना करें तो वर्ष 2017 में भाजपा को 35.54 प्रतिशत और बसपा को 22.87 प्रतिशत वोट मिले थे। दोनों दलों के बीच 12.67 प्रतिशत अंकों का अंतर था। वर्ष 2022 में भाजपा का मत प्रतिशत बढ़कर 41.58 प्रतिशत हो गया था। जबकि बसपा का मत प्रतिशत घटकर 19.37 प्रतिशत रह गया। इस तरह दोनों दलों के बीच मत प्रतिशत का अंतर बढ़कर 22.21 प्रतिशत अंक हो गया। इन पांच वर्षों के दौरान भाजपा के मत प्रतिशत में 6.04 अंकों की वृद्धि हुई, जबकि बसपा के मत प्रतिशत में 3.50 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो चुनावों में बढ़ापुर सीट पर बसपा तीसरे स्थान पर रही और भाजपा के मुकाबले उसके मतों का अंतर भी बढ़ा है।

मतदान प्रतिशत घटा

जहां 2017 विधानसभा चुनाव में बढ़ापुर सीट पर भाजपा को कुल हुए मतदान का 35.54 प्रतिशत वोट मिला। वही 2022 में यह बढ़कर 41.58 प्रतिशत हो गया, जबकि बसपा को 2017 में कुल हुए मतदान का 22.87 प्रतिशत वोट मिला था। जबकि 2022 में यह घटकर 19.37 प्रतिशत रह गया था। अब निगाहें 2027 के चुनाव पर टिकी हैं। क्या तान्या नागपाल बढ़ापुर में बसपा के पिछले दो चुनावों के परिणामों को बदल पाएंगी ?

राहूनंगली में 101वां बन्दी छोड़ गुरू पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया

कीर्तन दरबार में संगत हुई निहाल





खासपुरा (चिंगारी)। ग्राम राहूनंगली में रविवार को सिखों के छेवी पातशाही श्री गुरु हरगोबिन्द साहिब जी का 101 वां बन्दी छोड़ गुरु पर्व बड़े ही श्रद्धापूर्वक कीर्तन दरबार के रूप में मनाया गया।

जिसमें सिख पंथ के महान कीर्तनियों ने अपनी हाजरी लगाई। भाई गुरमनप्रीत सिंह जी और भाई हरमनप्रीत सिंह दिल्ली वाले तथा भाई तेजेश्वर प्रताप सिंह चण्डीगढ़ झील वाले ने अपने मधुर कीर्तन और कथा-विचारों द्वारा संगत को निहाल किया। गुरु हरगोबिन्द साहिब जी के बन्दी छोड़ के इतिहास पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर प्रबंधक कमेटी की ओर से सेवादारों और समाज के इन बंधुओं को गुरु घर का सारोपा देकर सम्मानित किया गया। नूरपुर से पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह, हरभजन सिंह अमन, कमलजीत सिंह नूर, हरमनदर सिंह, कर्मेंद्र सिंह मेरठ, उमरी से हरविंदर सिंह बिल्लू, हरपाल सिंह राठौड़, गुरमीत सिंह शंकरा, अहिरपुरा से धर्म प्रचारक जोगेंद्र सिंह सरदार बूटा सिंह को दिया गया। मंच का संचालन सतनाम सिंह व सरदार रवि सिंह ने किया।

संगत के लिए गुरु घर का अटूट लंगर बरताया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संचालक इकबाल सिंह प्रेमी, हरजीत सिंह सोढ़ी, प्रधान हरमीत सिंह माली, सेक्रेट्री जितेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष गुरमान सिंह सोनू, ग्राम प्रधान जसविंदर सिंह वाटर,अरविंदर सिंह राजन, सरदार जीवन सिंह, निरंकार सिंह, मनजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

गुरु के बिना की गई साधना अधूरी- बाबा फुलसंदे वाले

नहटौर (चिंगारी)। एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा मंत्र के प्रतिपादक ऋषि सतपुरुष बाबा फुलसंदे वालों ने अपने प्रवचनों में कहा कि सतगुरु ही साक्षात ब्रह्मरूप हैं। जीव की सच्ची मुक्ति कहीं बाहर नहीं, बल्कि गुरु के चरणों में ही है। जब शिष्य अपने अहंकार को छोड़कर गुरु के चरणों में समर्पित हो जाता है, तभी उसे सच्चा ज्ञान प्राप्त होता है।



रविवार को फुलसंदा स्थित आयोजित प्रवचन में बाबा फुलसंदे वालों ने कहा कि साधना, आराधना, जप और तप-सबका फल तभी मिलता है, जब वह गुरु के चरणों में अर्पित हो। गुरु के बिना की गई साधना अधूरी है, और गुरु के साथ किया गया छोटा सा जप भी मुक्ति का मार्ग बन जाता है। सत्संग में गुरु महिमा का भावपूर्ण भजन गूंज उठा- ब्रह्मरूप मेरे सतगुरु, मुक्ति है तुम्हारे चरणों में। मेरी साधना आराधना, जप तप तुम्हारे चरणों में। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

माही चौधरी बनीं जिला अध्यक्ष

बिजनौर (चिंगारी)। स्थानीय मोहल्ला काजीपाड़ा ईदगाह रोड निवासी माही चौधरी को सामाजिक न्याय एवं महिला अधिकारिता आयोग का बिजनौर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष कार्यकारिणी मोहम्मद सुऐब साबरी ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी इरफान के निर्देश पर की गई। नियुक्ति के बाद माही चौधरी का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा उनकी प्राथमिकता होगी। महिलाओं पर अत्याचार और शोषण के खिलाफ आवाज उठाने के साथ जरूरतमंद महिलाओं को न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा।



टीबी के प्रति जागरूक किया



बिजनौर (चिंगारी)। कुंवर सत्यवीरा कॉलेज स्थित कम्युनिटी रेडियो स्टेशन, रेडियो संदेश बिजनौर ने ग्राम कासमपुर खोला में शिव मंदिर पर ग्रामवासियों के लिए एक मीटिंग का आयोजन किया, जिसमें टीम कॉर्डिनेटर मनोज यादव ने टीबी रोग के लक्षण, उनकी पहचान, फिर उनका सरकारी अस्पताल में नि:शुल्क इलाज और सरकार द्वारा दी जाने वाली संतुलित आहार की किट बिल्कुल नि:शुल्क दी जाती है, उसके बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि लगातार यदि 15 दिन खांसी हो जाए तो तुरंत सरकारी अस्पताल जाकर जांच कराए, जो पूर्णत: नि:शुल्क होती है और फिर यदि टीबी होती है तो उसका इलाज भी जिला चिकित्सालय में पूर्णत: नि:शुल्क होता है। रेडियो संदेश की ओर से श्यामल मंडल, सारिका चौधरी, डॉ. शबनम, मनोज यादव आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोकदल की विधानसभा क्षेत्र की कार्यकारिणी घोषित

बिजनौर (चिंगारी)। राष्ट्रीय लोकदल की बिजनौर विधानसभा क्षेत्र की बैठक आयोजित की गई। विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मास्टर इंद्रमणि ने बिजनौर विधानसभा क्षेत्र की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर जितेंद्र सिंह (कुतुबपुरगढ़ी) और रमेश सिंह (छोय्या जलालपुर) को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, महासचिव पद पर धर्मेंद्र उर्फ बबले (आदमपुर), राजीव कुमार (तिमरपुर), गंगाराम सिंह (मंडावर) और मंगू सिंह (खानपुर माधो उर्फ तिमरपुर) को नियुक्त किया गया। इसी क्रम में सचिव पद पर अनिल कुमार शर्मा (पदमपुर), सोपाल सिंह (कुतुबपुरगढ़ी) और वासु (तीबड़ी) को जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा विधानसभा सदस्य के रूप में नरपाल कश्यप (मौमीनपुर दरगो), मोहम्मद रफजिल (नरोल्लोपुर), अक्षय चौधरी (जाटान), अशोक कुमार जाटव (गुड़ियापुर), धीरज कुमार (खरक) और विपिन कुमार (बवनपुरा) को शामिल किया गया।



बेटी ने दी मां की चिता को मुखाग्नि, पगड़ी भी बेटी को बांधी गई

बिजनौर (चिंगारी)। हिन्दू समाज में कुछ रीति-रिवाज़ों एवं अन्य संस्कारों को लेकर काफी परिवर्तन देखने में आ रहा है। जहां पहले महिलाओं के श्मशान घाट पर जाने पर भी रोक थी, आज बेटियां मुखाग्नि दे रहीं हैं और घर की जिम्मेदारी का बोझ भी उठाने को तत्पर हैं।

ऐसा ही मामला नई बस्ती बिजनौर का है। यहां के निवासी स्वर्गीय दिनेश कुमार की पत्नी शिखा का 11 नवंबर को निधन हो गया था। वह कैंसर से पीड़ित थीं। उनके कोई बेटा नहीं हैं, चार बेटियां



हैं। चारों बहनों ने तय किया कि छोटी बहन आस्था पुत्र का कर्तव्य निभायेगी। 11 नवंबर को बैराज गंगा घाट पर बेटी आस्था द्वारा मां की चिता को मुखाग्नि दी गई।

कल रविवार को तेरहवीं की रस्म के अवसर पर आस्था को पगड़ी बांधी गई। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों की आंखें आंसुओं से डबडबा रहीं थी। उनकी तेरहवीं रविवार को उनके निज आवास पर की गई। पगड़ी की रस्म भी कु. आस्था द्वारा कराई गई। इस अवसर पर सभी रिश्तेदार एवं अन्य मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

जीते जी बुजुर्ग बलजोर सिंह ने कराई अपनी तेरहवीं

बागपत, 15 नवम्बर। यूपी के बागपत जिले से अजब-गजब मामला सामने आया है। आमतौर पर किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसकी तेरहवीं होती है, लेकिन जौहड़ी गांव के 80 वर्षीय चौधरी बलजोर सिंह ने इस परंपरा को उलट दिया। उन्होंने जीते-जी अपनी तेरहवीं कराकर समाज को चौंका दिया। रविवार को गांव में उनकी तेरहवीं पर राज्यमंत्री केपी मलिक समेत करीब 900 लोगों ने भोज किया। इस आयोजन में चौधरी समाज के लोगों के साथ राज्यमंत्री केपी मलिक भी पहुंचे। सबसे खास बात यह रही कि बलजोर सिंह खुद पूरे आयोजन में रहे। अपनी पगड़ी नाती मुकुल को सौंपकर परिवार की जिम्मेदारी अगली पीढ़ी को दे दी। यह आयोजन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। जौहड़ी गांव के 80 वर्षीय चौधरी बलजोर पुत्र कनक सिंह का कहना है कि उन्होंने पूरी जिंदगी समाज के लोगों के साथ मेलजोल बनाए रखा। लोगों के निमंत्रण पर उनके यहां भोज में शामिल होते रहे। उनकी इच्छा थी कि जीवनकाल में ही सभी परिचितों को एक जगह एकत्र कर उनके साथ भोजन करें। इसी सोच के साथ उन्होंने अपनी तेरहवीं जीते-जी कराने का फैसला किया।



सुबह हुआ हवन तो दोपहर में कराया भोज

परिवार ने भी उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए पूरे आयोजन की जिम्मेदारी संभाली। घर के आंगन में हलवाइयों ने पूड़ी, रायता, दो तरह की सब्जियां और लड्डू सहित विभिन्न पकवान तैयार किए। सुबह हवन हुआ और दोपहर में भोज शुरू किया। इसमें करीब 900 लोगों ने भोज किया। आमतौर पर तेरहवीं में परिजन किसी अपने को खोने के बाद शोक में जुटते हैं, लेकिन यहां बलजोर सिंह खुद मेहमानों के बीच मौजूद रहे। उन्होंने लोगों का स्वागत किया और उनके साथ बैठकर इस आयोजन में हिस्सा लिया।

छठ पूजा महापर्व पर उगते सूर्य को अर्ध्य दिया



ऋषिकेश (चिंगारी)। त्रिवेणी घाट पर आस्था को लेकर सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के पावन के शुभ अवसर पर मां सुरकंडा देवी डोली उपासक अजय बिजल्वाण ने आज प्रात:काल उगते सूर्य को अर्ध्य अर्पित कर भगवान भास्कर एवं छठी मैया की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने महापौर शम्भू पासवान के परिवार के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं पूर्ण श्रद्धा-भक्ति के साथ छठ महापर्व मनाया पूजा के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक छठ गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य को अर्ध्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य एवं खुशहाली की कामना की। अजय बिजल्वाण एवं महापौर परिवार ने समस्त क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख, शांति, उत्तम स्वास्थ्य एवं समृद्धि की मंगल कामना की कार्यक्रम में घाट पर श्रद्धालुओं की विशेष चहल-पहल रही। पारंपरिक छठ पूजा, लोकगीतों एवं प्रसाद वितरण के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया इस आयोजन ने लोक आस्था, भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता एवं आपसी सौहार्द का सुंदर संदेश दिया।

श्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकली भव्य निशान यात्रा

धामपुर (चिंगारी)। नगर की अग्रणी धार्मिक संस्था श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से आयोजित दो दिवसीय सप्तम श्री श्याम जन्म महोत्सव के पहले दिन निशान यात्रा निकाली गई। आज 16 नवंबर ,सोमवार की रात्रि शुभम मंडप में बाबा खाटू श्याम जी का संकीर्तन महोत्सव आयोजित किया जाएगा।

श्री श्याम मित्र मंडल के संस्थापक एवं महंत आचार्य पंडित विकास वशिष्ठ ,उप महंत पीयूष जोशी वशिष्ठ, पंडित सिद्धार्थ वशिष्ठ के निर्देशन में निकाली गई निशान यात्रा का शुभारंभ मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में सामूहिक पूजन से किया गया। पूजन कार्यक्रम को मंदिर के पुजारी आचार्य पंडित परितोष शास्त्री ने मंत्र उच्चारण के बीच संपन्न कराया।

पूजन के नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ,पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, पूर्व भाजपा विधायक डॉ इंद्रदेव सिंह, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सौरभ मालपानी, समाजसेवी नरेश सैनी कैटर्स,



योगेश कुमार रस्तोगी बाबू भैया,वीरेंद्र रस्तोगी, समाजसेवी व्यापारी सुधीर कुमार अग्रवाल सर्राफ, मुन्नालाल अग्रवाल, समाजसेवी चिकित्सक डॉक्टर अंकुर वर्मा आदि ने नारियल भंजन करके निशान यात्रा का शुभारंभ किया।

इन सभी अतिथियों को संस्था की ओर से सम्मानित भी किया गया। निर्धारित मार्गो की परिक्रमा के बाद निशान यात्रा नेताजी सुभाष चंद्र बोस मार्ग स्थित शुभम मंडप पर पहुंचकर संपन्न हुई।

जनगणना की तैयारी

जनगणना अधिकारी की जनगणना की तैयारी है।
सोलह से तीस नवम्बर तक जनगणना खुद ही करनी है,
सही सूचना मोबाइल में अपने आप ही भरनी है।
एक दिसम्बर से चार जनवरी तक की जनगणना,
जनगणना अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर करनी है।
जनगणना अधिकारी के चालीस प्रश्नों को सुनना है,
एक-एक प्रश्न को गौर से सुनकर उत्तर देते जाना है।
सबसे पहले तुमको अपना नाम सही बताना है,
नाम अगर कुछ मुश्किल है तो लिखकर उसे दिखाना है।
घर के मुखिया से सम्बन्ध के बारे में बताना है,
जन्म तिथि या आयु का प्रमाण पत्र दिखाना है।
सही-सही उत्तर देने की सबकी जिम्मेदारी है,
जनगणना अधिकारी की जनगणना की तैयारी है।
वैवाहिक स्थिति के बारे में जब प्रश्न किया जाए,
शादी कितनी उम्र में की थी, सही-सही बताना है।
पति-पत्नी का धर्म, राष्ट्रीयता क्या है, क्या जाति है,
इन प्रश्नों के उत्तर में प्रमाण पत्र दिखाना है।
माता-पिता का विवरण देना वैधानिक मजबूरी है,
वो जिन्दा हों या न हों पर लिखना बहुत जरूरी है।
जन्म स्थान और पूर्ण निवास स्थान अगर अलग हैं तो,
स्थल परिवर्तन का कारण क्या है, ये बताना है,
स्थल परिवर्तन के बाद निवास अवधि दर्शानी है,
इसके बाद स्थायी निवास स्थान पता लिखवाना है।
एक भी उत्तर गलत हुआ तो इसमें पकड़ तुम्हारी है,
जनगणना अधिकारी की जनगणना की तैयारी है।
अगर आप दिव्यांग हैं तो इसका प्रमाण दिखाना है,
जनगणना अधिकारी से दिव्यांगजन लिखवाना है।
अपनी मातृभाषा अपने सामने ही लिखवाना है,
और भी जो भाषा आती है उसका नाम बताना है,
गत वर्ष कोई काम किया तो उसको नहीं छिपाना है,
आर्थिक गतिविधि की श्रेणी व्यवसाय लिखवाना है।
उद्योग, व्यापार या सेवा का स्वरूप दिखाना है,
किस-किस वर्ग के कामगार हैं, ये भी तुम्हें बताना है,
गैर आर्थिक गतिविधि जो भी है, नहीं छिपानी है,
काम खोज रहे या हैं, या हैं उपलब्ध, सही बताना है।
जो हमें सहयोग करेगा हम उसके आभारी हैं,
जनगणना अधिकारी की जनगणना की तैयारी है।
साक्षरता या डिजिटल साक्षरता या शैक्षणिक संस्थान,
उच्चतम शिक्षा का क्या प्रमाण है ये दिखाना है,
निर्दिष्ट महिला ने अब तक जितने बच्चों को जन्म दिया,
उन जीवित बच्चों की संख्या क्या है ये लिखवाना है।
गत वर्ष जीवित पैदा हुए बच्चों का नाम बताना है,
अब तक कितने बच्चे जीवित पैदा हुए लिखवाना है।
इस परिवार में कितनों ने कोविड वैक्सीन लगवाई है,
कोविड टीकाकरण का क्या स्थान है दर्ज कराना है।
इस परिवार में कितने लोगों के बैंकों में खाते हैं,
जनगणना अधिकारी को उसका प्रमाण दिखाना है।
वोटर आई डी, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस इनमें से,
पैन कार्ड, आधार कार्ड उपलब्ध हो तो दिखाना है,
बिजनौर में नागरिकों को प्रश्न का उत्तर देना जरूरी है,
जनगणना अधिकारी का कर्तव्य ये समझाना है।
हम बिजनौरी इसके लिए तैयार हैं, आपकी बारी है,
जनगणना अधिकारी की
जनगणना की तैयारी है।

सलाहुद्दीन अकरम्
- प्रशासनिक अधिकारी (से.नि.)
कलेक्ट्रेट बिजनौर मो. 7060775860



ग्लोबल एकेडमी में बाल दिवस पर हुआ कवयित्री सम्मेलन

बच्चों ने सुनाई महान कवियों की रचनाए

नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्लोबल एकेडमी नजीबाबाद में बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा एक भव्य कवयित्री सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भारतीय उपमहाद्वीप के प्रख्यात कवियों की प्रसिद्ध कविताओं का सस्वर पाठ कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की भावपूर्ण प्रस्तुति, आत्मविश्वास व काव्य के प्रति उनकी रुचि की उपस्थित अतिथियों ने मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अरुण देव जासवाल ने कविता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कविता मनुष्य के मन को संवेदनशील बनाती है, बच्चों में कल्पनाशीलता, संस्कार एवं मानवीय मूल्यों का विकास करती है। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से कविताएं पढ़ने व लिखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. राखी अग्रवाल एवं सुबोध पाराशर ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभाशीर्वाद दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती प्राची चंदोला ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति की क्षमता व आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने सभी बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी साहित्य से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों के रूप में डॉ. राजीव अरोड़ा, गौतम शर्मा, राकेश जुनेजा, श्रीमती फरज़ाना एवं आयशा रज़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। ग्लोबल एकेडमी के प्रबंध निदेशक सुनील चंदोला ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं बच्चों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उनकी प्रतिभा को मंच देना है।



हैनरीता को पुन: जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी देना सराहनीय: सिराजुद्दीन खां

नजीबाबाद (चिंगारी)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला महामंत्री सिराजुद्दीन खां ने जिला कांग्रेस कमेटी की हैनरीता राजीव सिंह के पुन: जिलाध्यक्ष बनने पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के इस फैसले से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि पूर्व आईएएस अधिकारी आरके सिंह की पुत्रवधू हैनरीता को संगठनात्मक अनुभव, परिश्रम, समर्पण के साथ जमीनी जानकारी है। इसलिए जिले में उन्होंने पार्टी संगठन को मजबूती के साथ काफी अच्छे ढंग से चला रखा है। जिलाध्यक्ष हैनरीता लगातार पार्टी के कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से सक्रिय रहती है। उन्होंने जिले में संगठन को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। वरिष्ठ नेता सिराजुद्दीन खां ने इसके लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, इमरान मसूद आदि का आभार जताया है।

श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर में कल्याण विधान का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में कल्याण विधान का आयोजन किया गया, जिसमें शास्त्री दिवाकर जैन द्वारा सुंदर मंडल सजा विधान का शुभारंभ कराया गया। विधान से पूर्व बोलियों का आयोजन किया गया, जिसमें अभिषेक, प्रथम, कलश, रश्मि जैन, सिद्धार्थ जैन शांति धारा, प्रक्षाल जैन, अभिषेक चार कलश, जितेन्द्र जैन, आदि जैन, अभिषेक पंचम कलश, अक्षत जैन, रूकमणि जैन यज्ञ नायक, नीरज जैन, चुमकी जैन मंगल आरती, कुमकुम जैन मंडल 4 कलश, दिया जैन, कुसुम लता जैन, सिद्धार्थ जैन, रिंकू जैन मंडल पंचम कलश, रैना जैन, अंकुर जैन अखंड दीप प्रज्वलित, दीपक जैन मांडले पर पांडू शिला पर, श्री जी को विरजमान राजीव जैन सौ धर्म इंद्र, जनेश्वर दास जैन विधान तीन लोक के नाथ भगवान पारसनाथ को समर्पित किया गया। मंत्री नीरज जैन ने बताया ऐसे सूक्ष्म कार्यक्रमों का आयोजन समाज मे धार्मिक प्रभावना बढाना है। कार्यक्रम में मंजू जैन, वदना जैन, पूनम जैन, भाविक जैन, नीरज जैन, दीपक जैन, पीयूष जैन, आतिश जैन, निशु जैन, नमन जैन, नीरज जैन, संध्या जैन, मानवी जैन, संगीता जैन, नेहा जैन, ऋषु जैन, स्वाति जैन, आदि मौजूद रहे।



हजरत जलील शाह का सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया

नजीबाबाद (चिंगारी)। हजरत जलील शाह जमीली सुल्तानी रहमतुल्ला अलैयहि का 11 वां उर्स मुबारक आस्ताने आलिया रायपुर रोड, भारत गैस एजेंसी के सामने जहानाबाद नजीबाबाद में धूमधाम से आयोजित किया गया। सालाना उर्स के मौके पर काफी संख्या में मजार पर पहुंचे अकीदतमंदों ने चादरपोशी, लंगर, महफिल सीमा में शिरकत की। उर्स के मौके दूर-दूर से आए लोगों ने मजार पर चादरपोशी कर शीरनी चढ़ाई। दुआ के साथ सालाना उर्स का समापन हुआ। इस मौके पर मुबश्शिर जलीली जमीली सुल्तानी उर्फ डॉ. बहार आलम, खलीफा रईस अहमद जलीली सुल्तानी, खलीफा आसिफ जलीली सुल्तानी, खलीफा अमन जलीली सुल्तानी, खलीफा, खलीफा नौशाद जलीली, नवाब आलम एडवोकेट जलीली सुल्तानी, खलीफा अनीसा जलीली, शाहनवाज आलम जलीली सुल्तानी, सुहेल आलम जलीली सुल्तानी आदि मौजूद रहे।



बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत डॉ. वीरेंद्र सिंह राजपूत ने किया पांच गांवों का दौरा



बिजनौर (चिंगारी)। नूरपुर विधानसभा क्षेत्र में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से भाजपा के संभावित प्रत्याशी डॉ. वीरेंद्र सिंह राजपूत ने जनसंपर्क एवं संगठनात्मक बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत अमीनाबाद, बगवाड़ा, मुजाहिदपुर, भवानीपुर रानी और फतेहाबाद गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बूथ अध्यक्षों, पार्टी कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों से मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी ली। दौरे के दौरान ग्राम अमीनाबाद में बूथ संख्या 63 के अध्यक्ष अमित सैनी एवं बूथ संख्या 64 के अध्यक्ष गौरव कुमार, बगवाड़ा में बूथ संख्या 58 के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह एवं बूथ संख्या 59 के अध्यक्ष नीरज चौधरी, मुजाहिदपुर में बूथ संख्या 65 के अध्यक्ष हरिओम सिंह, भवानीपुर रानी में बूथ संख्या 66 के अध्यक्ष शेषपाल सिंह एवं बूथ संख्या 67 के अध्यक्ष तेजपाल सिंह तथा फतेहाबाद में बूथ संख्या 350 के अध्यक्ष रजनीश चौहान से मुलाकात की। इस अवसर पर डॉ. राजपूत ने बूथ कमेटियों एवं पन्ना प्रमुखों के गठन और सत्यापन की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं को नए मतदाता बनवाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित नहीं रहना चाहिए। डॉ. वीरेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि संगठन की असली ताकत बूथ स्तर पर काम करने वाले समर्पित कार्यकर्ता हैं। बूथ जितना मजबूत होगा, संगठन उतना ही सशक्त बनेगा।

खुश हुआ मन,मशक-ए-सुखन ने किया शायरी की महफ़िल का आयोजन

बिजनौर (चिंगारी)। अदबी तंज़ीम मश्क़-ए-सुख़न की जानिब से शेरो शायरी की पहली तारीख़ी महफ़िल का आयोजन नजीबाबाद के मौहल्ला कलालान में हुआ । महफ़िल के दौरान तंज़ीम के सरपरस्त मरगूब रहमानी, अध्यक्ष वाहिद जमाल, उपाध्यक्ष क़मर अख़्तर और पत्रकार परवेज़ अक़ील को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उर्दू अदब और सुख़न के फ़रोग़ के लिए तंज़ीम की काविशों और मेहनतो के मद्देनज़र नजीबाबाद के बाजौक़ सामईन एम डी ख़ान और अबरार सलमानी ने मश्क़-ए-सुख़न के सभी 12 मेम्बर को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। महफ़िल का आगाज़ जनाब क़मर अख़्तर की नाते पाक से हुआ। महफ़िल की निज़ामत उबैद नजीबाबादी ने की और सदारत वाहिद जमाल ने की। ग़ज़ल के दौर का आगाज़ नसीम नजीबाबादी की ग़ज़ल से हुआ। महफ़िल में बहार आलम,उबैद नजीबाबादी,आसिफ़ मिर्ज़ा,क़मर अख़्तर, वाहिद जमाल और मरगूब रहमानी के कलाम को सराहा गया।सामईन ने उन्हें बार बार सुना। अंत मे आसिफ मिर्ज़ा ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

सन शाइन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष में वार्षिक खेल प्रतियोगिता

नजीबाबाद (चिंगारी)। सन शाइन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विद्यालय की कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा ग्यारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने विभिन्न खेलकूदों जैसे कोन रेस म्यूजिकल रेस, आइडेंटिटी कार्ड रेस, बुक वैलेंसिंग रेस, सिंपल रेस, लेमन रेस, श्री लेग रेस, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल आदि सभी में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल व प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया। कक्षा नर्सरी से म्यूजिकल रेस में आशीष, अबान, उपेश, सार्थक, शयान, पूर्वी, काजल, भार्गव, युवांश, तनिष्क, प्रियांश ने प्रतिभाग करते हुए प्रियांश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोन रेस में आशीष ने प्रथम तथा उपेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एलकेजी व यूकेंजी से आईडेंटिटी कार्ड रेस में आरव पहले व उज्ज्वल दूसरे तथा सृष्टि तीसरे स्थान पर रही। वेलेंसिंग रेस में सजब प्रथम रियालिका दूसरे व तीसरे पर कायरव रहे। चेयर रेस में दर्शित प्रथम दूसरे पर दक्ष तथा तीसरे पर आदिल रहे। कक्षा एक व दो में प्रथम शौर्य, आयुष, द्वितीय स्थान पर अशित प्रभात, तथा तृतीय, दैविक व अरनम रहे। लेमन रेस में प्रथम पर अपूर्व व प्रियांशी द्वितीय पर हर्षिका, अक्षित: तृतीय पर अरहान रहे। कक्षा तीन से पांच शीनू व शादान तथा तृतीय पर लवनी व अरहान रहे। सिंपल रेस में प्रथम पूर्वी व शिवांग द्वितीय पुर खो-खो में टीम अश् में शीनू, वाशु, आरोही, रूही, लावनी ने प्राप्त किया। छात्रों में टीम ब के अंश, फैज़, शौर्य में शाद अरहम, विनय, तनिष्क विनय, शिवांग ने प्रथम स्थान, कक्षा 6 से कक्षा ग्यारह तक कबड्डी में टीम अ विजेता रही। सिंपल रेस में शुभ ने प्रथम, सरस ने द्वितीय, उबैद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सिंपल रेस में आभाष पहला, आदित्य दूसरे व उज्ज्वल तीसरे स्थान पर रहे। 3 लेग रेस में ध्रुव व सरस पहले, आभाष आदित्य दूसरे व बंधन उवेद तीसरे स्थान पर रहे। वॉलीबॉल मे टीम अ नमन, वंश, अमित, आदित्य, बंधन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो में नीनम की टीम (अ) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।





राशिफल

विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

मंगलवार, 17 नवम्बर 2026

मेष- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, जिम्मेदारियों की पूर्ति, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, घरेलू वातावरण में हर्ष एवं उल्लास, पठन-पाठन में अभिरुचि।

वृषभ- विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, बुद्धि चातुर्य से कुछेक कार्यों में अनुकूलता, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक, राजकीय पक्ष से सहयोग।

मिथुन- आज दिन 3/31 बजे तक सोचे हुए कार्य अधूरे, पारस्परिक कटुता, हानि भी शेष समय में आर्थिक स्थिति बेहतर, बकाए धन की प्राप्ति, मौजमस्ती हेतु व्यय।

कर्क- आज दिन 3/31 बजे तक शुभ समय, शारीरिक सुख, व्यापार में धन निवेश, यात्रा सुखद, शेष समय में परेशानी का संकेत, प्रतियोगिता में असफलता, विचारों में उग्रता।

सिंह- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, सुसंदेश की प्राप्ति से घरेलू वातावरण में हर्षोल्लास, आपसी सलाह से कामयाबी, यात्रा भी।

कन्या- मनोरथ पूर्ण, आर्थिक व्यावसायिक उन्नति का सुयोग, जटिल समस्याओं का समाधान, परोपकार की भावना जागृत, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास सार्थक।

तुला- आज दिन 3/31 बजे तक प्रतिकूलता, आरोग्य सुख में कमी, धन का अभाव, विरोधी प्रभावी, शेष समय में दिनचर्या व्यवस्थित, प्रियजनों से वांछित सहयोग।

वृश्चिक- आज दिन 3/31 बजे तक अनुकूलता, सामयिक सिद्धि, अधिकारियों से लाभ, आपसी सम्बन्ध मधुर, शेष समय में परिस्थितियां विपरीत, शुभफलों में न्यूनता।

धनु- अभिलाषा की पूर्ति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, वैमनस्यता का समापन, वैवाहिक जीवन में सुखशांति, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, गलतफहमी दूर।

मकर- व्यवसाय में विस्तार, महत्वपूर्ण कार्यों में अपेक्षित सहयोग, धन सम्पत्ति का मसला हल होने की ओर, मित्रों की गतिविधियों से मानसिक राहत, आय के नवीन स्रोत।

कुम्भ- आज दिन 3/31 बजे तक समय विपरीत, लाभ में कमी, विचारों में उग्रता, प्रेम सम्बन्धों में कटुता, शेष समय अनुकूल, मनोबल में वृद्धि, व्यक्तिगत कठिनाइयां कम।

मीन- आज दिन 3/31 बजे तक सफलता, लाभ का मार्ग प्रशस्त, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक, शेष समय निराशाजनक, जोखिम से नुकसान, वाहन से चोट-चपेट।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722**

कबाड़ से कलाकृतियां बनाकर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

चेयरमैन ने बढ़ाया उत्साह

झालू (चिंगारी)। बाल दिवस के उपलक्ष्य में नगर स्थित सरस्वती विद्या केंद्र में आयोजित रचनात्मक प्रदर्शनी में नन्हे विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और कलात्मक प्रतिभा देखने को मिली। विद्यार्थियों ने घरों में बेकार समझकर रख दी जाने वाली पुरानी एवं अनुपयोगी वस्तुओं को नया स्वरूप देकर आकर्षक सजावटी सामान, कलाकृतियां और उपयोगी मॉडल तैयार किए। बच्चों की इस अनूठी पहल ने न केवल उनकी सृजनात्मक क्षमता को प्रदर्शित किया, बल्कि वस्तुओं के पुनः उपयोग और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम में नगर पंचायत झालू के चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी ने विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों के बनाए मॉडलों और कलाकृतियों का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों की प्रतिभा को सामने लाने के साथ उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में बिताए अपने छात्र जीवन की यादें भी साझा कीं। उन्होंने बताया कि वह स्वयं भी इसी विद्यालय के विद्यार्थी रह चुके हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्वेताम्बरी सिंह ने कहा कि प्रत्येक बच्चे के अंदर कोई न कोई विशेष प्रतिभा छिपी होती है। विद्यालय का प्रयास रहता है कि बच्चों को ऐसे अवसर और मंच उपलब्ध कराए जाएं, जहां वे अपनी कल्पनाशीलता और कौशल को खुलकर प्रदर्शित कर सकें।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी।

जनगणना कार्य को निष्ठा के साथ पूर्ण करने को प्रेरित किया



किरतपुर (चिंगारी)। जनगणना 2027 के आगामी चरणों को सुचारू और सफल बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद किरतपुर के मीटिंग हॉल में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के सभी सुपरवाइजर और प्रगणक मौजूद रहे। चार्ज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी (ईओ) मेघा गुप्ता ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी सुपरवाइजरों और प्रगणकों को जनगणना कार्य से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्य की गंभीरता और पारदर्शिता को समझाते हुए सभी कर्मियों को पूरी निष्ठा व समयबद्धता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। ईओ मेघा गुप्ता ने आगामी कार्ययोजना की जानकारी देते हुए बताया कि 16 नवंबर से 30 नवंबर तक आम नागरिकों के लिए स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसके तहत लोग ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपना विवरण दर्ज कर सकेंगे तथा प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर वास्तविक जनगणना का कार्य संपन्न किया जाएगा।

फोन पर बात करने में मशगूल युवक ट्रेन की चपेट में आया

किरतपुर (चिंगारी)। रेलवे ट्रैक पर बैठकर बात कर रहा एक युवक कल शाम ट्रेन की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्तपाल में भर्ती कराया गया है। नगर के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी नीरज (24) पुत्र भल्लड़ माल गोदाम के सामने कल शाम रेलवे लाइन की पटरी पर बैठकर मोबाइल फोन पर बात कर रहा था। उसी समय कोटद्वार से दिल्ली जा रही सिद्धबली जनशताब्दी गढ़वाल एक्सप्रेस ट्रेन आ गई। ट्रेन को देख राहगीरों ने शोर मचाकर युवक से रेल पटरी से हटने को कहा। ट्रेन के चालक ने भी हार्न बजाकर युवक को सचेत किया, लेकिन युवक फोन पर बात करता रहा। ट्रेन चालक ने इमरजेंसी ब्रेक भी लगाए, फिर भी ट्रेन वहां तक पहुंच गई। नीरज ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस व जीआरपी मौके पर पहुंच गई। घायल नीरज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरतपुर में भर्ती करा दिया। चिकित्सक ने घायल को बिजनौर रैफर कर दिया। रेलवे स्टेशन मास्टर अरविंद शर्मा ने बताया की गढ़वाल एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में युवक के आने के बाद ट्रेन लगभग सात मिनट तक खड़ी रही। उसके बाद दिल्ली के लिए रवाना हो गई। मोहल्ले में चर्चा है कि युवक घर से नाराज होकर गया था।

व्यापारियों ने प्रभारी मंत्री के समक्ष समस्याओं को उठाया

बिजनौर (चिंगारी)। महात्मा विदुर सभागार, बिजनौर में प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में उद्योग एवं व्यापारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एमएलसी अशोक कटारिया, पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में व्यापारियों की ओर से प्रांतीय संगठन मंत्री बी.एस. राजपूत एवं नगर महामंत्री अरविंदर सिंह ने जनपद की प्रमुख औद्योगिक एवं व्यापारिक समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बी.एस. राजपूत ने बिजनौर शहर में रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण न होने के कारण उत्पन्न हो रही गंभीर जाम की समस्या से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा इस परियोजना के लिए बजट का प्रावधान किए जाने के बावजूद उचित फॉलोअप के अभाव में निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। इस पर प्रभारी मंत्री ने लिखित प्रस्ताव देने को कहा तथा स्वयं रेल मंत्री से वार्ता कर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।



बैठक में एमएलसी अशोक कटारिया ने फ्लाई ऐश ब्रिक्स की सरकारी विभागों में आपूर्ति एवं ऑर्डर प्रेषित न करने पर अधिकारियों की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाया। इस पर बी.एस. राजपूत ने स्पष्ट किया कि यदि फ्लाई ऐश ब्रिक्स के ऑर्डर नहीं मिले तो मनन एंटरप्राइजेज की इकाई तत्काल प्रभाव से बंद होने की स्थिति में पहुंच जाएगी, जिससे रोजगार एवं औद्योगिक गतिविधियां प्रभावित होंगी। राकेश ने अपनी यूनिट की स्थिति को प्रभारी मंत्री को बड़े प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

इस पर प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को पीडब्ल्यूडी के माध्यम से आवश्यक इंडेंट जारी कराने के निर्देश दिये। डिस्ट्रीब्यूशन संगठन के संरक्षक राकेश गुलाटी ने शहर में गुड्स डिस्ट्रीब्यूशन में ई रिक्शा को रोके जाने से माल वितरण में आ रही परेशानी का मुद्दा उठाया।

रोटरी क्लब ने बाल दिवस पर समारोह किया आयोजित

छात्र-छात्राओं को मिठाई व पाठ्य सामग्री की वितरित

कोटद्वार (चिंगारी)। रोटरी क्लब के तत्वावधान में राजकीय प्राथमिक विद्यालय संख्या-1, नजीबाबाद रोड में बाल दिवस समारोह बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री व मिठाई वितरित की गयी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विद्यालय परिसर में आयोजित उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा गुप्ता ने किया। इस अवसर पर उन्होने बच्चों को बाल दिवस के महत्व, शिक्षा, संस्कार एवं जीवन में अनुशासन के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने के



लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सचिव वीना रावत, प्रधानाध्यापिका विनीता ध्यानी, धीरजधर बछवाण, विजय कुमार माहेश्वरी ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाषण, नृत्य एवं कविता पाठ के माध्यम से अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी सामग्री एवं लड्डू वितरित किए गए। बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखते ही बनता था।

इस अवसर पर रोटरी अध्यक्ष प्रतिभा गुप्ता, सचिव वीना रावत, श्रीमती ऊषा अग्रवाल, विजय कुमार माहेश्वरी, धीरजधर बछवाण, गोपाल बंसल, मनीष अग्रवाल, अमित अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल, प्रधानाध्यापिका विनीता ध्यानी आदि उपस्थित थे।

उन्नत डिजिटल विपणन कार्यक्रम का समापन

कोटद्वार (चिंगारी)। जिला उद्योग केंद्र की ओर से संचालित तीन माह के उन्नत डिजिटल विपणन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इसमें डिजिटल तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते प्रभाव के बीच युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण और जरूरी जानकारी दी गई। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सोमनाथ गर्ग ने बताया कि प्रशिक्षण में विभिन्न क्षेत्रों और व्यवसायों से जुड़े 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षक विवेक जदली ने उन्हें डिजिटल विपणन के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व महाप्रबंधक नरसिंह कर्णवाल, प्रबंधक राजेंद्र आर्य, सहायक प्रबंधक सलोनी नेगी और रिंकी कुकरेती, नीरज बंगारी, सिडकुल निर्माता संघ के अध्यक्ष सुनील गुप्ता और सचिव विवेक चौहान आदि मौजूद रहे।

प्यारा सा मुखड़ा घुंघराले केश, कलयुग के राजा खाटू नरेश

श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर भजनसंध्या आयोजित

कोटद्वार (चिंगारी)। श्री श्याम मित्र मंडल समिति(रजि.) की ओर से श्री श्याम बाबा के जन्मोत्सव के उपलक्ष में भव्य भजन संध्या का आयोजन गया, जिसमें मंत्रोच्चार के साथ समिति के सदस्यों द्वारा श्री श्याम प्रभु की ज्योत प्रचंड की गई। गोविंद नगर स्थित एक वेडिंग पॉइंट में श्री श्याम प्रभु का अलौकिक श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाने के बाद जन्मोत्सव के उपलक्ष में केक काटकर जन्मदिवस मनाया गया। जन्मोत्सव में रुड़की से पधारे दिनेश बजरंगी ने भगवान शिव और गणेश के भजन से प्रारंभ कर जब भक्ति हृदय को स्पर्श करती है, तो शब्द मौन हो जाते हैं और आँखें बोल उठती हैं को चरितार्थ कर दिया। उसके बाद श्याम घर आया जी नैन भर आया जी...तथा प्यारा सा मुखड़ा घुंघराले खेश..कलयुग का राजा खाटू नरेश...आदि भजनों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। रुद्रपुर से आये भजन गायक शुभम सक्सेना ने क्यों पूछते हो श्याम मुझे क्या पसंद है.. मेरी पसंद आपकी मुट्ठी में बंद है...चंदन चौकी ले आया जी गंगा जल मंगवाया जी बैठो म्हरा श्याम धणी सब भगता ने बुलावाया जी..धीरे-धीरे चरण पखारो श्याम धणी की आरती उतारो करो स्वागत बाबा का...हाथों में ले के निशान चला रे मैं तो अपने बाबा के धाम चला रे... आदि की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल, विकासदीप मित्तल, समाजसेवी कृष्ण कुमार कंसल, ओम प्रकाश शर्मा, प्रमोद रावत, अंजना गोयल, रतन अग्रवाल, अध्यक्ष सुनील कर्णवाल, सचिव नरेंद्र मित्तल, नीरज गुप्ता, राजीव अग्रवाल, रामानंद गर्ग, राधेश्याम शर्मा, नरेश चंद्र अग्रवाल, नमन भारद्वाज, संजय कर्णवाल, नवीन गोयल, गिरजेश अग्रवाल, जीवन जैन, अवधेश अग्रवाल, अनमोल अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, सारिका कर्णवाल, सपना अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, भावना अग्रवाल, शोभिता गुप्ता, ज्योति मित्तल, नेहा, निशा आदि मौजूद रहे।

यूनिकस एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस

कोटद्वार (चिंगारी)। भाबर क्षेत्र के अन्तर्गत हल्दूखाता स्थित यूनिकस एकेडमी में विद्यालय का स्थापना दिवस और वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की थीम पंचतत्व रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मेजर जनरल मोहनलाल असवाल और विशिष्ट अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी अस्मिता ममगाईं ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य दीपक गुप्ता ने वार्षिक आख्या प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर आधारित विद्यालय की शिक्षण पद्धति की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने देशभक्ति और अनुशासन, जबकि विशिष्ट अतिथि ने परिश्रम और ईमानदारी का महत्व बताया। निदेशक अभय रावत ने उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विद्यालय के संस्थापक शैलेंद्र सिंह रावत भी मौजूद रहे।

बैंक अधिकारी ने जन्मदिन पर बच्चों को भेंट की साइकिल

कोटद्वार (चिंगारी)। राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में चार विद्यार्थियों को साइकिल भेंट की गईं। शिक्षक संतोष सिंह नेगी ने बताया कि साइकिलें बैंक ऑफ बड़ौदा दिल्ली में ज्वाइंट मैनेजर और मूल रूप से कोटद्वार निवासी विनीता शंखवार ने उपलब्ध कराई हैं। विनीता ने अपने जन्मदिन के अवसर पर बच्चों को साइकिल देने की पहल की। प्रधानाचार्य मुकेश रावत ने विद्यार्थियों को साइकिलें प्रदान कीं। उन्होंने विनीता शंखवार का आभार जताते हुए कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को उनकी मेहनत के लिए प्रोत्साहित करने का यह सराहनीय प्रयास है। साइकिल पाने वालों में जीजीआईसी लालपानी की कक्षा नौ की प्रियांशी, राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार की कक्षा छह की पावनी भाटिया और त्रिवेंद्र तथा कक्षा आठ के आदित्य शामिल रहे। इस दौरान मनमोहन चौहान, डॉ. पद्मेश बुड़ाकोटी, संजय रावत और जेपी भारद्वाज भी मौजूद रहे।

एमएससी रसायन विज्ञान में आस्था ने किया टॉप

कोटद्वार (चिंगारी)। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की एमएससी रसायन विज्ञान की परीक्षा में लालपुर निवासी कु. आस्था ने सर्वोच्च अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विश्वविद्यालय की स्वर्ण पदक सूची में स्थान बनाने वाली आस्था को 18 नवंबर 2026 को आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल स्वर्ण पदक देकर सम्मानित करेंगे। आस्था ने एमएससी रसायन विज्ञान की परीक्षा में 2100 में से 1655 अंक प्राप्त किए हैं। उनका कुल प्राप्तांक 78.81 प्रतिशत रहा। विश्वविद्यालय की स्वर्ण पदक सूची में उनका नाम 14वें क्रमांक पर दर्ज है। मूल रूप से आस्था द्वारीखाल ब्लॉक के ग्राम तोली निवासी हैं। वर्तमान में उनका परिवार कोटद्वार के लालपुर वार्ड में रहता है। उनके पिता अनिल सिंह जीआईसी चाक्यूंसैंण में सहायक अध्यापक (एलटी) के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता राजकुमारी देवी इंटर कॉलेज पोखरी अजमीर में हिंदी विषय की प्रवक्ता हैं।

सेंट जोसेफ कॉन्वेंट ने बाल भारती को हराया जिला फुटबाल कप पर कब्जा जमाया

कोटद्वार (चिंगारी)। गाड़ीघाट स्थित शशिधर भट्ट स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला फुटबॉल एसोसिएशन पौड़ी गढ़वाल एवं कोटद्वार फुटबॉल संघ की ओर से अंडर-12 ग्रास रूट फुटबॉल कप का आयोजन किया गया। जिसमें आठ विद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में टीमों को चार-चार के दो ग्रुपों में बांटकर लीग मुकाबले कराए गए। इसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गए। फाइनल में सेंट जोसेफ कॉन्वेंट और बाल भारती स्कूल की टीमें आमने-सामने रहीं। निर्धारित समय तक दोनों टीमें गोल नहीं कर सकीं। इसके बाद टाई-ब्रेकर में सेंट जोसेफ कॉन्वेंट ने बाल भारती स्कूल को 5-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं तीसरे स्थान के मुकाबले में जीत दर्ज कर आरपी पब्लिक स्कूल, तेलीपाड़ा ने कांस्य पदक हासिल किया। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह में एनआईएस फुटबॉल कोच महेंद्र रावत, खेलो इंडिया कोच शिवा चौधरी, आयोजक सचिव सिद्धार्थ रावत ने विजेता, उपविजेता व तीसरे स्थान पर रही टीम को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया।

बिरसा मुंडा की जयंती पर शोभायात्रा निकाली



चिड़ियापुर (चिंगारी)। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बालक एवं बालिका में धरती आबा बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न कायक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महिला ग्राम प्रधान श्रीमती बिंदी देवी द्वारा धरती आबा बिरसा मुंडा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद विद्यालय से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य गरिमा मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को धरती आबा बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष एवं बलिदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विजेंद्र सिंह, खेम सिंह , कु. रेखा ग्राम प्रधान, सहायक समाज कल्याण अधिकारी ममता चौहान सहित समस्त विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राओं सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

गंगा स्नान मेले में महाराजा टैंट में रुकेंगे वीआईपी

मेले की तैयारी जोर-शोर से जारी



गंज (चिंगारी)। विदुरकुटी के पास गंगा की रेती में कार्तिक गंगा स्नान मेले की तैयारी तेजी से चल रही है। टैंट सिटी बसने लगी है। शौचालयों आदि का कार्य तेजी से चल रहा है। लगभग 160 पक्के अस्थायी शौचालय बनाये जा रहे हैं। एक ब्लॉक में लगभग 20 पक्के अस्थायी शौचालय हैं।

मेले में वीआईपी कल्चर साफ नजर आयेगी। लगभग एक दर्जन महाराजा टेंट वीआईपी के लिए लगाए जा रहे हैं। इन महाराजा टैंट में मक्खी-मच्छर आदि की समस्या नहीं रहती। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों के लिए भी विशेष टैंट लगाए जा रहे हैं। मेले में सभी व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के लिए जिला पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी दिन-रात लगे हुए हैं। किंतु विदुर कुटी मंदिर के नीचे से मेले के मुख्य मार्ग को जोड़ने वाले लगभग 600 मीटर मार्ग दलदली भूमि होने के कारण जिला पंचायत के कर्मचारी उलझे हुए हैं। अभी भी मार्गो के समतलीकरण का कार्य चल रहा है, जबकि मेले में पहुंचे खेल तमाशे, झूले, क्रेन की मदद से लगने शुरू हो गए हैं।

मेले को 8 सेक्टर में बांटा गया है, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को समस्या का सामना न करना पड़े। सेक्टर के अंदर के मार्ग पहले की अपेक्षा अधिक चौड़े बनाए जा रहे हैं। इस वर्ष श्रद्धालुओं को समतल व प्लेन लंबे घाट स्नान करने के लिए मिलेंगे। मेले का उद्घाटन 20 नवम्बर को किया जायेगा। मुख्य स्नान पर्व 24 नवम्बर को है। मेले में 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

आभा फाउंडेशन के 12वें शिविर में 1260 लोगों ने कराई अपनी आंखों की जांच



चांदपुर (चिंगारी)। सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन की फीना स्थित हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 12वें नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 1260 लोगों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान 180 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इसके अतिरिक्त 620 लोगों को नि:शुल्क चश्मे तथा 800 लोगों को आंखों से संबंधित दवाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर आभा सिंह ने कहा कि आभा फाउंडेशन का उद्देश्य केवल चांदपुर तक सीमित रहकर समाजसेवा करना नहीं है, बल्कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से अब फाउंडेशन द्वारा फीना, बास्टा, छाछरी मोड़, खानपुर, ब्लॉक जलीलपुर सहित विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

यामिनी नायक को अवनीश अग्रवाल टांडे वाले ने किया सम्मानित



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के आदर्श नगर निवासी यामिनी नायक ने अपनी प्रतिभा व मेहनत के दम पर खेल जगत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यामिनी नायक का स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर में बैडमिंटन के लिए चयन होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। यामिनी की इस उपलब्धि पर भाजपा नेता एवं नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी अवनीश अग्रवाल टांडे वाले ने उन्हें अपने जनसंपर्क कार्यालय पर आमंत्रित कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने यामिनी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अवनीश अग्रवाल टांडे वाले ने कहा कि यामिनी ने अपनी मेहनत, लगन व प्रतिभा के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता अन्य बच्चों व युवाओं के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की बेटियां आज शिक्षा से लेकर खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित व सम्मानित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

सभी जनपदवासियों को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं

तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज





हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।







सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476




सभी को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD

Kajaria Exculsive Showroom

बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट

Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT

TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY

Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक



8445517265
8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर